# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक





यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विभिन्न बैंकों में कार्यरत कर्मचारी


• बोकारो, बुधवार 28 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 251 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित







## संक्षिप्त समाचार

### विस्फोट मामले में चंपई सोरेन समेत तीन के खिलाफ आरोप तय

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधानसभा से विधायक चंपाई सोरेन मंगलवार को चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष अदालत में उपस्थित हुए। लगभग तीन दशक पुराने विस्फोट मामले में अदालत ने उनके विरुद्ध आरोप तय कर दिए हैं। इसी के साथ न्यायिक सुनवाई की शुरुआत हो गई है। यह मामला वर्ष 1993 में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आहूत बंद के दौरान कथित तौर पर विस्फोटक पदार्थों के प्रयोग से जुड़ा हुआ है। मामले में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के साथ श्याम नंदन टुडू उर्फ डॉक्टर टुडू और अरुण महतो का नाम शामिल है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** चास-पुरुलिया को आपस में जोड़ने वाले एनएच 32 पर एक अनियंत्रित ट्रेलर चालक ने तीन ऑटो, एक बाइक सवार और एक साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक लड़के की मौत हो गई। साथ ही 12 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेज रफ्तार ट्रेलर कुछ ही सेकंड में कईयों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गया था। सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल के भी कई लोग घायल हुए हैं। पश्चिम बंगाल के रहने वाले सुरेश महतो की सदर अस्पताल में मौत हो गई, सभी घायलों का इलाज बोकारो के सदर अस्पताल में चल रहा है जबकि छह गंभीर रूप से घायल लोगों को धनबाद रेफर किया गया है।

### पेड़ से टकराई बाइक, तीन किशोरों की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिसई प्रखंड स्थित पुसो थाना क्षेत्र के सुरसा कोठारी गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में तीन किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। ये तीनों एक ही बाइक पर बिना हेलमेट लगाए सवार थे और एक पेड़ से टकरा गए। मृतकों की पहचान लोहरदगा जिले के भंडारा थाना क्षेत्र के मलंग टोली गांव निवासी अमन उरांव (15), मुन्ना उरांव (16) और सहदेव उरांव (16) के रूप में हुई है। ये तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने फहराया झंडा, झांकियों में दिखी झारखंड की झलक

# रिक्तियों को भरने की दिशा में उठाए जा रहे कदम : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** गणतंत्र दिवस के मौके पर ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह के दौरान अलग-अलग झांकियां प्रदर्शित की गई। इसमें झारखंड की संस्कृति, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य और शिक्षा की झलकियां दिखाई गईं। परेड निरीक्षण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को संबोधित करते हुए भारत सरकार द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की और केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया। इस मौके पर राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में पेसा नियमावली लागू कर दिया गया है, जो जनजातियों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान



योजना की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह माताओं, बहनों, बेटियों के सम्मान, स्वाभिमान, स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। वर्तमान में इस योजना के तहत 51 लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में करीब 3 लाख सखी मंडल का गठन किया जा चुका है। इन सखी मंडलों को 466 करोड़ रुपए चक्रीय निधि के रूप में एवं 2300 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र में उपलब्ध रिक्तियों को तेजी से भरने की काम किया जा रहा है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के तर्ज पर तीन नए विद्यालय पश्चिम सिंहभूम, बोकारो एवं दुमका में प्रारंभ करने की स्वीकृति की बात करते हुए कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अफसर को देखते हुए 803 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की शुरुआत की गई है। राज्यपाल ने कहा कि गुरु जी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर किया जा रहा है। राज्यपाल ने (शेष पृष्ठ 3 पर)

# झारखंड में नगर निकाय चुनावों की घोषणा, मतदान 23 फरवरी को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** काफी जद्दोजहद के बाद झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो गई है। इसके तहत 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही आज से शहरी निकाय क्षेत्र में आचार संहिता लागू हो गई है। नामांकन 29 जनवरी से शुरू होगा जो 4 फरवरी तक चलेगा। 5 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 06 फरवरी को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 7 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित होगा। गैरदलीय आधार पर होने वाले इस चुनाव में 43 लाख



33 हजार 574 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 22 लाख 07 हजार 203 है जबकि 21 लाख 26 हजार 227 महिला वोटर हैं, थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 144 है। इस चुनाव में मतदाता महापौर और पार्षद के लिए मत देंगे। महापौर के लिए पिंक और पार्षद के लिए उजला रंग का बैलेट पेपर होगा। झारखंड में नगर निकायों की कुल संख्या 48 है, जिसमें 09 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत शामिल है जहां बैलेट पेपर के जरिए एक ही दिन में मतदान कराए जाएंगे। इन नगर निकायों में 13 ऐसे हैं, जहां 2020 से ही चुनाव लंबित हैं जबकि रांची सहित शेष अन्य नगर निगम और निकायों में 2022 से चुनाव लंबित है। राज्य निर्वाचन आयुक्त (शेष पृष्ठ 3 पर)

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से

## 24 फरवरी को पेश होगा राज्य का बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। 19 मार्च तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल 17 कार्य दिवस होंगे। सत्र के पहले दिन यानी 18 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। प्रथम दिन शोक प्रकाश के बाद सभा की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। इस दौरान अध्यादेश की प्रमाणीकृत प्रतियां अगर हो तो, उसे सभा पटल पर रखा जाएगा। 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वाद विवाद होगा। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट पेश होगा। इस दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद विवाद के बाद सरकार का उत्तर और मतदान होगा। शनिवार और रविवार की वजह से 21 और 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। 23 फरवरी को अनुपूरक बजट पर वाद विवाद के बाद मतदान और पारण होगा। 24 फरवरी को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे। इससे पहले प्रश्नकाल की कार्यवाही होगी। 25 फरवरी को बजट पर सामान्य वाद विवाद के बाद सरकार का उत्तर होगा।

# व्यवसायी पुत्र कैरव गांधी सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जमशेदपुर के व्यवसायी के अपहृत पुत्र कैरव गांधी की सकुशल बरामदगी को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने इसे सुखद और राहत भरी खबर बताते हुए कहा कि यह बरामदगी भाजपा के दबाव और आंदोलन का प्रत्यक्ष परिणाम है। आदित्य साहू ने कहा कि कैरव गांधी के अपहरण की घटना ने पूरे राज्य में चिंता और आक्रोश पैदा किया था। पार्टी द्वारा लगातार आंदोलन और दबाव बनाए जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन ने गंभीरता दिखाई, जिसके परिणामस्वरूप अपहृत युवक की सुरक्षित वापसी संभव हो सकी। उन्होंने इस पूरे मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, मधु कोड़ा, चंपई सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, विधायक पूर्णिमा साहू सहित जिलाध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया, जिन्होंने पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाने में अहम भूमिका निभाई। साहू ने पुलिस प्रशासन को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, यह सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने चिंता जताई कि जिस तरह राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, उससे जनता का पुलिस पर भरोसा कमजोर हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि झारखंड धीरे-धीरे अपहरण, फिरौती और भ्रष्टाचार का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के आंदोलन के बाद जिस तरह कई गरीब माता-पिता के बच्चे घर लौटे, वह काम पुलिस बिना किसी आंदोलन के भी कर सकती थी, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है।

# गणतंत्र दिवस पर हेमंत सोरेन ने लंदन में बाबा साहेब को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**लंदन/रांची।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लंदन स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के ऐतिहासिक आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर को मुख्यमंत्री ने अपने जीवन का अत्यंत भावुक, प्रेरणादायी और सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया। संविधान निर्माता बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन और संघर्ष आज भी देश को सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा साहेब की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व क्षमता ने भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को एक सशक्त, समावेशी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि हर नागरिक के सम्मान, गरिमा और स्वाभिमान की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने देश को न सिर्फ अधिकारों का संविधान दिया, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी आत्मसम्मान के साथ जीने का हौसला दिया। आज के समय में जब लोकतांत्रिक मूल्यों को और सशक्त करने की आवश्यकता है, तब बाबा साहेब के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने इसे अपने लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण बताया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सह विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, प्रदेश के मुख्य सचिव अविनाश कुमार और अंबेडकर म्यूजियम के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।






# राष्ट्र की खुशहाली के लिए सतत प्रयत्नशील पीवीयूएनएल : ए. के. सहगल

## पीवीयूएनएल, पतरातू में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पतरातू में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति और अनुशासित वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, रक्षा गार्ड रेजिमेंट, डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों तथा अग्निशमन दल की परेड से हुई। इसके पश्चात पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. के. सहगल ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने पावर प्लांट एवं बनहरडीह कोल माइनिंग परियोजना के विकास पर संतोष व्यक्त करते हुए सतत व्यावसायिक विकास के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कर्मचारियों के कौशल संवर्धन के लिए कर्मचारी विकास केंद्र की सराहना की। संबोधन के उपरांत राष्ट्रप्रेम और आशा के प्रतीक के रूप में आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। इसके बाद बाल भवन द्वारा झांकी निकाली गई, जिसमें सतत






विकास और एनटीपीसी के मूल्यों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में लिटिल जेम्स स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। आगे कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक झारखंडी नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सृजन विद्यालय के बच्चों ने सिंदूर विषय पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टुकड़ी द्वारा कॉम्बैट शो का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मानवीयता पुरस्कार उन कर्मचारियों को प्रदान किया गया, जिन्होंने कार्य समय के बाद भी एसएससी जीडी अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी। उनके शिक्षक दीपेश को भी सम्मानित किया गया। साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड का फ़ेलिसिटेशन समारोह आयोजित किया गया और कर्मचारियों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेरिटोरियस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष एवं लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेणु सहगल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विष्णु दत्ता दास, महाप्रबंधक परियोजना, जोगेश चंद्र पात्रा, महाप्रबंधक संचालन, मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, जियाउर रहमान, मानव संसाधन प्रमुख सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, सतत विकास और संगठनात्मक मूल्यों का संदेश दिया।




# विद्युत उत्पादन व कोयला प्राप्ति में एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने कीर्तिमान किया स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में 77 वां गणतंत्र दिवस 'उड़ान' स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, स्कूली छात्रों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आलोक कुमार त्रिपाठी, परियोजना प्रमुख (एचओपी), एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के आगमन के साथ हुआ, जिसके उपरांत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान संपन्न हुआ। इसके पश्चात त्रिपाठी द्वारा सीआइएसएफ, फायर विंग, डीजीआर सुरक्षा बल एवं डीएवी दल की संयुक्त परेड का निरीक्षण किया गया। अनुशासन एवं समर्पण को दर्शाती यह परेड अत्यंत प्रभावशाली रही। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) राजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स) अजय केरहलकर, वसुंधरा लेडीज़ क्लब अध्यक्ष ज्योत्सना त्रिपाठी, सीआईएसएफ उप कमांडेंट सानुज कुमार, उप कमांडेंट (फायर) रमेश सिंह तथा सहायक कमांडेंट (सुरक्षा) निखिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि परियोजना में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि संयंत्र ने अब तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन एवं कोयला प्राप्ति का कीर्तिमान स्थापित किया है तथा डिजिटल कोयला प्रबंधन प्रणाली "कोलट्रैक" के माध्यम से दक्षता एवं पारदर्शिता में वृद्धि हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत छह परियोजना प्रभावित गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा 13,800 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने तथा परियोजना अस्पताल में ओपीडी, आपातकालीन एवं आईपीडी सेवाएं प्रदान किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने सीएसआर के अंतर्गत टंडवा में पेयजल आपूर्ति प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, शीतकालीन कंबल वितरण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान तथा परियोजना प्रभावित गांवों के सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को एनटीपीसी उत्कर्ष मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान किया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल, एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के विद्यार्थियों द्वारा "बेटी बचाओ" विषय पर नृत्य, देशभक्ति गीत एवं एरोबिक्स प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात सीआईएसएफ द्वारा रिफ्लेक्स शूटिंग एवं अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार एवं सम्मान वितरण समारोह के साथ हुआ।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सिविल डिफेंस, सेंट जॉन एम्बुलेंस तथा दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने दक्षिण पूर्व रेलवे की हालिया उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'ब्लू चिप रेलवे' के नाम से प्रसिद्ध दक्षिण पूर्व रेलवे, भारतीय रेल के शीर्ष तीन सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनों में शामिल है। अप्रैल से दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान रेलवे ने 153 मिलियन टन माल लदान कर 13,432 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से चालू वर्ष में अब तक 55 किलोमीटर दोहरीकरण एवं तीसरी लाइन का कार्य पूरा किया जा चुका है। यात्री सुविधाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि विभिन्न स्टेशनों पर अब तक 80 लिफ्ट एवं 43 एस्केलेटर चालू किए गए हैं। इसके अलावा 15 प्लेटफार्मों की ऊंचाई



तथा 35 प्लेटफार्मों की लंबाई बढ़ाई गई है। 42 स्टेशनों पर 212 बे प्लेटफार्म शेल्टर उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 1104 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि लेवल क्रॉसिंग मुक्त रेलवे के लक्ष्य की दिशा में इस वर्ष 9 रोड ओवर ब्रिज एवं 18 सबवे का निर्माण पूरा किया गया है, जबकि दिसंबर 2025 तक 16 लेवल क्रॉसिंग समाप्त की जा चुकी हैं। वर्तमान में कई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। साथ ही दक्षिण पूर्व रेलवे के 72 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है, जिनमें जॉयचांडीपहाड़ और गोविंदपुर रोड स्टेशनों का उद्घाटन किया जा चुका है। 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत 124 स्टॉल एवं 45 ट्रॉलियां विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित की गई हैं।

# स्वच्छ, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त माहौल में सम्पन्न होगी इंटर तथा मैट्रिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। बैठक में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, सभी जिला पदाधिकारी, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) सम्मिलित हुए। बैठक के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा निर्देश दिया गया कि परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ किया जाए। उन्होंने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने, उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित संधारण, परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी, परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कदाचार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के मध्य समन्वय सुदृढ़ रखा जाए तथा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए।

# यूजीसी के विरोध में हजारीबाग में सवर्ण एकता मंच की बैठक, सांसद, डीसी और वीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी 2026 को लेकर हजारीबाग सवर्ण एकता मंच( जेनरल कटेगरी) हजारीबाग ने जोरदार विरोध किया है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में बड़ा अखाड़ा में जुट बैठक किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूजीसी के संभावित दुष्प्रभावों पर विचार-विमर्श करना तथा जनरल केटेगरी के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना था। इस दौरान उपस्थित समाज के लोगों ने कहा कि यूजीसी 2026 में जेनरल केटेगरी को टारगेट किया गया है। केंद्र सरकार एक ओर समानता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर समाज को बांटने का काम भी कर रही है। यूजीसी 2026 लागू होने से जेनरल केटेगरी के छात्र छात्राओं को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूजीसी कानून के संभावित दुष्प्रभावों पर विचार-विमर्श करना तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना था। यूजीसी से सामान्य वर्ग की छात्र छात्राओं को बेवजह परेशान किया जाएगा। साथ ही उन्हें झूठा आरोप लगा कर फंसा करियर खत्म किया जा सकता है। उपस्थित लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार इसे अविलंब वापस नहीं किया तो सड़क पर उतर आंदोलन किया जाएगा। इसको लेकर दीपक सिंह को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ समाज के हर एक व्यक्ति सदस्य के रूप में रहेंगे। मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, डीसी शशि प्रकाश सिंह और वीसी चंद्रभूषण शर्मा को प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप विरोध दर्ज किया है। इस दौरान उपस्थित सवर्ण समाज और जेनरल केटेगरी के लोगो ने कहा कि यूजीसी एक्ट 2026 वर्तमान स्वरूप में लागू होने पर शिक्षा व्यवस्था में




असंतुलन पैदा करेगा और इसका सीधा असर मेधावी छात्रों तथा सामान्य वर्ग के युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। इसे शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर और योग्यता आधारित व्यवस्था के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें सभी वर्गों को समान अवसर मिले और किसी भी समाज के साथ अन्याय न हो। मौके पर मुकेश कुमार सिंह, डॉ आनंद शाही, सुनील कुमार पांडे, विकास कुमार सिंह, दीपक सिंह, हिटलर शाही, रंजीत सिंह, प्रकाश शर्मा, राजीव कुमार सिंह, सागर पांडे, अपराजिता पांडे, कुणाल सिंह, रवि सिंह, सुशांत सिंह, मिथिलेश सिंह, विनीत कुमार जैन, निशीकांत कुमार, उमेश कुमार चौबे, सुबोध ओझा, रमेश चंद्र शर्मा, सुनील सिंह राठौड़, महंत विजयानंद दास, अमर कुमार सिंह, मिथलेश दुबे, डॉक्टर अजय शर्मा, गोविंद पांडे, कृष्ण कुमार सिंह, अमित मिश्रा, संदीप उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, विकास उपाध्याय, अनुज तिवारी, शैलेश पांडे, प्रभात कुमार सिंह, राजवर्धन सिंह, रंजन कुमार पांडे, राजीव रंजन, संत कुमार दीक्षित, कन्हैया कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह, नितेश शास्त्री, शुभम सिंह, प्रदीप पाठक, हरेंद्र किशोर शर्मा, सुनील कुमार, बलराम कुमार शर्मा, पवन जिगर पांडे, अखिलेश कुमार झा, रविंद्र शर्मा, संजय सिंह, सत्यदेव सिंह, देवकांत शर्मा किस देव शर्मा, शशांक शेखर सिंह, मनीष कुमार सिंह, अजय शर्मा, विकास कुमार, विकास वर्मा, सुबोध कुमार ओझा, आनंदी पांडे, अनुज कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, बृजेश तिवारी, शिवदत्त पांडे, नंदकिशोर पांडे, चिरंजीव ओझा, एम ओझा, धनंजय पांडे, दयानंद दास, भावेश मिश्रा, दीप नारायण सिंह, मंगलम कुमार सिंह, उज्जवल प्रताप सिंह, लक्ष्मी पांडे, ओमकारा पांडे, सुबोध सिंह, विकास कुमार पांडे, राजेंद्र पांडे, जगलाल कुमार, नागेंद्र शर्मा, अमित उपाध्याय, उपेंद्र उपाध्याय, जनक सिंह, आयुष पांडे, राजवर्धन सिंह, संजय शर्मा, मनोज कुमार, प्रशांत सिंह, आदित्य पाठक, अरुण कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, सतीश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार पांडे, हरेंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, विजय कुमार शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व रेलवे/आद्रा–723121 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दो पैकेट प्रणाली में खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या, निविदा सूचना संख्या, कार्यों का विवरण** इस प्रकार है: **1. सी–130–सीएटीजी–बीकेएससी–सीएस–पीएफ1–26,** 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए एसएमआर कार्यालय के पास बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पीएफ नंबर 1 पर जीएमयू कैटरिंग स्टॉल यूनिट प्रदान करना। **विज्ञापित मूल्य :** रु.8,33,074/–, **बयाना राशि:** रु.41,700/– **2. सी130सीएटीजी–बीकेएससी–सीएस–पीएफ2–3–26,** एफओबी तुपकाडीह सिरे के पास बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पीएफ नंबर 2/3 पर जीएमयू कैटरिंग स्टॉल यूनिट प्रदान करना। **विज्ञापित मूल्य :** रु.8,33,074/–, **बयाना राशि:** रु.41,700/–, **निविदा अनुभाग:** प्रत्येक के लिए कैटरिंग। **निविदा कागजात की लागत:** प्रत्येक के लिए रु.2,950/–, **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** क्रम सं. 1 के लिए 20.01.2026, 13.27 बजे और क्रम सं. 2 के लिए 20.01.2026, 13.26 बजे, **अंतिम तिथि** : 11.02.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक के लिए। **कार्य पूरा होने की अवधि:** प्रत्येक के लिए 05 वर्ष। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के पूर्ण विवरण/वर्णन/ विनिर्देशों के लिए वेबसाइट आईआरईपीएस (**www.ireps.gov.in**) देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-1102)**

# झारखंड में नगर निकाय चुनावों की घोषणा, 23 फरवरी को वोटिंग

**27 फरवरी को होगी मतगणना**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** काफी जद्दोजहद के बाद झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो गई है। इसके तहत 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही आज से शहरी निकाय क्षेत्र में आचार संहिता लागू हो गई है। नामांकन 29 जनवरी से शुरू होगा जो 4 फरवरी तक चलेगा। 5 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 6 फरवरी को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 7 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित होगा। गैरदलीय आधार पर होने वाले इस चुनाव में 43 लाख 33 हजार 574 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 22 लाख 7 हजार 203 है जबकि 21 लाख 26 हजार 227 महिला वोटर हैं, थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 144 है। इस चुनाव में मतदाता महापौर और पार्षद के लिए मत देंगे। महापौर के लिए पिंक और पार्षद के लिए उजला रंग का बैलेट पेपर होगा।

**48 नगर निकायों में एक ही दिन में होगा मतदान**

झारखंड में नगर निकायों की कुल संख्या 48 है, जिसमें 09 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत शामिल है। जहां बैलेट पेपर के जरिए एक ही दिन में मतदान कराए जाएंगे। इन नगर निकायों में 13 ऐसे हैं, जहां 2020 से ही चुनाव लंबित हैं। जबकि रांची सहित शेष अन्य नगर निगम और निकायों में 2022 से चुनाव लंबित है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने बताया कि इस चुनाव में 1087 वार्डों में 4,304 बूथों पर मतदान होगा। इस चुनाव में नोटा का इस्तेमाल नहीं होगा। इस वजह से मतदाताओं को वोट देना अनिवार्य होगा। आयोग ने मतदान के लिए मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी के अलावे 12 अन्य सरकारी गैर-सरकारी फोटोयुक्त पहचान पत्र को भी मान्यता दी है।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर धनबाद प्रशासन अलर्ट

**परीक्षा केंद्रों में मोबाइल सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रोक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** आगामी 3 फरवरी से शुरू होने वाली माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में उप विकास आयुक्त सन्नी राज और सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दौरान अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी तथा परीक्षार्थियों की गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी

उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बने विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान कक्षा कक्षों, डेस्क-बेंच, शौचालयों की साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पंखा, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

उन्होंने प्रश्न पत्रों के आवागमन में प्रयुक्त वाहनों की जांच, स्ट्रांग रूम का दंडाधिकारियों के साथ निरीक्षण, समय पर प्रश्न पत्रों की आपूर्ति और परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित समय पर स्ट्रांग रूम में जमा कराने का निर्देश दिया।, उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी किसी छात्र के भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। वहीं सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा शुरू होने से पहले पूरे परिसर की जांच की जाए और किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माध्यमिक परीक्षा 3 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगी, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा 3 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। माध्यमिक परीक्षा प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका के माध्यम से और इंटरमीडिएट परीक्षा सादी उत्तर पुस्तिका के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। इस बैठक में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, 'दिव्य दौड़-चैप्टर 2' में उमड़ा उत्साह

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा**

**नवादा।** दिव्यांगजनों के आत्मबल, समान अवसर और सामाजिक समावेशन के संदेश को सशक्त करने के उद्देश्य से नवादा में शनिवार को 'दिव्य दौड़-चैप्टर 2' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन जगजीवन राम शोध संस्थान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया। 0 से 12 वर्ष, 13 से 17 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतिभागियों की ऊर्जा और जज्बे ने यह सिद्ध कर दिया कि अवसर मिलने पर दिव्यांग खिलाड़ी भी किसी से कम नहीं हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सीता साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और दिव्यांगजनों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दामोदर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों




की सराहना की और ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 'दिव्य दौड़' का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई।

## रिक्तियों को भरने की...

राज्य में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुपर स्पेशलिटी रिम्स टू का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा पीपीपी मोड पर 6 नए मेडिकल कॉलेज पूर्वी सिहभूम, खूंटी, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा एवं धनबाद में निर्माण कार्य चल रहा है।

## झारखंड में नगर निकाय...

अलका तिवारी ने बताया कि इस चुनाव में 1087 वार्डों में 4,304 बूथों पर मतदान होगा। इस चुनाव में नोटा का इस्तेमाल नहीं होगा। इस वजह से मतदाताओं को वोट देना अनिवार्य होगा। आयोग ने मतदान के लिए मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी के अलावे 12 अन्य सरकारी गैर-सरकारी फोटोयुक्त पहचान पत्र को भी मान्यता दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही मतगणना स्थल पर भी चौकसी बरती जायेगी। निर्वाचन कार्य पर नजर रखने के लिए सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है, जो चुनाव के दौरान निगरानी रखने का काम करेंगे। चूंकि यह चुनाव मतपत्र के जरिए हो रहा है। इसलिए पर्याप्त संख्या में मतपेटी जिलों में उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में कार्य सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण रूपेण निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर करेंगे। यदि किसी भी तरह की कदाचार से संबंधित शिकायतों में दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरोध आयोग द्वारा बिना किसी हिचकिचाहट के समुचित कार्रवाई की जाएगी। इस चुनाव में 10 लाख से अधिक वाले जनसंख्या क्षेत्र के महापौर/अध्यक्ष के लिए अधिकतम 25 लाख रुपए निर्वाचन की सीमा रखी गई है। वहीं वार्ड पार्षद के लिए 5 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। वहीं दस लाख से कम जनसंख्या वाले क्षेत्र के महापौर/अध्यक्ष के लिए 15 लाख रुपये और वार्ड पार्षद के लिए 3 लाख रुपया निर्धारित किया गया है। चुनाव की आधिकारिक घोषणा के वक्त नगर विकास सचिव सुनील कुमार सहित, आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों में हुआ झंडोतोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिले का मुख्य समारोह शहर के हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां जिला अधिकारी रवि प्रकाश ने झंडोतोलन कर परेड की सलामी ली और जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने समाहरणालय परिसर में भी झंडोतोलन किया। जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किए गए। विकास भवन में डीडीसी नीलिमा साहू, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ अमित अनुराग, नगर थाना में इंस्पेक्टर उमाशंकर प्रसाद , जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने झंडोतोलन किया। नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी, प्रजातंत्र द्वार एवं नगर भवन परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी शतेंद्र प्रसाद वर्मा ने झंडोतोलन कर झंडे को सलामी दी। खनन विभाग में जिला खनन पदाधिकारी प्रत्यय अमन, रोटरी क्लब में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, रेड क्रॉस सोसाइटी में सचिव राजेंद्र प्रसाद साहू, नवादा क्लब में सचिव नवीन कुमार सिन्हा ने झंडोतोलन किया। राजनीतिक कार्यालयों में भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष सतेश कुमार मंटन सिंह, जदयू कार्यालय में जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने ध्वजारोहण किया। जिला निबंधन कार्यालय सहित अन्य सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में भी समारोह आयोजित किए गए। आदर्श सिटी में राजीव कुमार सिन्हा द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड प्रमुख, सदर बीडीओ, थानों में थाना अध्यक्ष तथा विभिन्न संस्थानों में संस्थान प्रमुखों ने झंडोतोलन कर गणतंत्र दिवस मनाया। पूरे जिले में देशभक्ति गीतों और नारों के बीच राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव का भाव देखने को मिला।

# एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के काली स्थान के समीप भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) का उद्घाटन बुधवार को विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं एसबीआई मुख्य शाखा के प्रबंधक राजन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सेवाओं की एक नई सुविधा उपलब्ध हो गई। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सीएसपी जैसी लघु बैंकिंग शाखा के खुलने से आम ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा**

**शुद्धिपत्र वैच संख्या–10/2025**

आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेबपोर्टल ''पार्टीशिपेशन इन थ्रू'' सामग्री की आपूर्ति के लिए ई. निविदा सूचना । निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं । निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है । **निविदा सं. :** 30255248, **शुद्धि पत्र प्रकाशित करने की तिथि:** 22/01/2026, **मौजूदा कंडीशन:** निविदा खुलने की तिथि : 23/01/2026, **संशोधित कंडीशन:** निविदा खुलने की तिथि: 10/02/2026, प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन एवं समय से पहले आईआरईपीएस **www.ireps.gov.in** के वेबपोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करना होगा । उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है ।

**सहायक सामग्री प्रबंधक (क० च० स्टॉक)**
**ने० सु० च० बोस जं० गोमोह, पू० म० रेल**

पीआर/1703/जीएमओ सीएसडी/स्टोर/शुद्धिपत्र/25–26/24

**आद्रा मंडल के तहत कैटरिंग/ एमपीएस और पार्किंग अनुबंधों के लिए ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा कैटरिंग/एमपीएस एवं पार्किंग के लिए ई–नीलामी निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है: ● **कैटेगरी: कैटरिंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: सीएटीजी44, लॉट संख्या/कैटेगरी: (i)** सीएटीजी–आद्रा–बीयूआरएन–जीएमयू–47–23–1 (कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू))। **(ii)** सीएटीजी–आद्रा–बीयूआरएन–एसएमयू–86–25–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू))। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 06.02.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 06.02.2026, 12.40 बजे। ● **कैटेगरी: एमपीएस, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: सीएटीजी45, लॉट संख्या/कैटेगरी: (i)** एमपीएस–आद्रा–वीएसयू–एमपीएस–11–26–1 (एमपीएस–मल्टी परपज स्टॉल्स)। **(ii)** एमपीएस–आद्रा–बीकेएससी–एमपीएस–4–26–3 (एमपीएस–मल्टी परपज स्टॉल्स)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 07.02.2026, 12.30 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 07.02.2026, 12.40 बजे। ● **कैटेगरी: पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क99, लॉट संख्या/कैटेगरी: (i)** पार्किंग–आद्रा–सीडीजीआर–टीडब्ल्यू–72–25–2 (पार्किंग–टू व्हीलर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 03.02.2026, 12.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 03.02.2026, 12.30 बजे। **(ii)** पार्किंग–आद्रा–आरकेआई–टीडब्ल्यू–66–25–1 (पार्किंग–टू व्हीलर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 03.02.2026, 12.30 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय:** 03.02.2026, 12.40 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-1101)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-134 से 137-25-26 (ओपन), दिनांक 22.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-134-25-26; कार्य का नाम:** पतरो नदी के स्रोत से मधुपुर स्टेशन तक अतिरिक्त बोरिंग तथा पाइपलाइन कनेक्शन के साथ फिल्टर हाउस से स्टेशन तक मेन पाइपलाइन के बदलाव आदि के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,34,95,315.54। **बयाना राशि :** रु. 4,67,500; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-135-25-26; कार्य का नाम:** एईएन/एमडीपी के अनुभाग में एलसी 2/एसपीएल/ई/(एसएलएस-आरएनपीआर) के पहुंच मार्ग में निकासी प्रणाली के सुधार के साथ गेट सुरक्षा फेंसिंग के सुधार एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों तथा धूल रोधन, गौण मरम्मत, पैनल रूमों में एसी, अन्य सुरक्षा संबंधित आवश्यकताओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,31,20,210.33। **बयाना राशि :** रु. 2,15,600; **क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-136-25-26; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन पुल सं. 656, 691, 643 एवं अन्य गर्डर पुल के चैनल स्लीपर का एच-बीम स्लीपरों में रूपांतरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,32,65,682.41। **बयाना राशि :** रु. 3,16,300; **क्रमांक 4, केस सं.: ओ-एसी-टी-137-25-26; कार्य का नाम:** एसएसई/पी.वे/जेएसएमई अनुभाग में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,98,77,130.14। **बयाना राशि:** रु. 2,49,400; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 12 महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 6 महीने (क्रमांक 2 से 4 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.02.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-316/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# क्षेत्र में 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह की रही धूम

## आन-बान और शान से लहराया तिरंगा

नबिटा टीम

**एकमा (सारण)/शिवजीनगर।** नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड परिसर में प्रमुख अंजू देवी, नगर पंचायत कार्यालय पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी, ई किसान भवन पर बीएओ शुभम पाल, बीआरसी भवन पर बीईओ योगेंद्र बैठा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में एसडीपीओ राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एकमा थाना परिसर में थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, रसूलपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव, एकमा सीएचसी में डॉ साजन कुमार व राजस्व कचहरी भवन पर सीओ अमलेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, बच्चा सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, माकपा नेता अरुण कुमार, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ अमलेश कुमार, नपं ईओ रमन राज, उप मुख्य पार्षद रानु कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे।







इसके अलावा रामाधार सिंह बीएड कालेज में सचिव ई जयप्रकाश सिंह, गुरुकुल पब्लिक स्कूल एकमा में डायरेक्टर रतन सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, कन्या मध्य विद्यालय एकमा में एचएम अरुण कुमार सिंह, यूएमएस टोला डोमन राय में प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, यमुना सिंह इंटर कॉलेज एकमा में लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, उमाशंकर सिंह महाविद्यालय जलालपुर में प्राचार्य अभिनव प्रियदर्शी, रिद्धि सिद्धि सेन्ट्रल स्कूल नचाप में निदेशक राकेश कुमार सिंह व क्षितिश्वर नाथ सिंह महाविद्यालय में सचिव परमेश्वर सिंह, आमडाढ़ी पंचायत भवन पर मुखिया चंदा सिंह, नचाप-भजौना पंचायत भवन पर मुखिया परमेंद्र कुमार सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह, व्यापार मंडल एकमा परिसर में अध्यक्ष बच्चा सिंह, राजापुर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की लघु शाखा में प्रबंधक सतीश कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय राजापुर में नगर पार्षद नेहा कुमारी व प्रधानाध्यापक लखन लाल प्रसाद आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इसी क्रम में अवर निबंधन कार्यालय, मुख्य डाकघर, एकमा रेलवे स्टेशन, चयनित महादलित बस्तियों सहित विभिन्न जगहों पर लोगों के बीच मिठाईयों का वितरण किया गया।

देश भक्ति गीतों के बीच सामाजिक नाटक, एकांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद पुरस्कारों का वितरण किया गया।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** शिवाजीनगर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड प्रमुख डॉ गोविंद कुमार एवं विधायक वीरेंद्र कुमार ने नव निर्मित प्रखंड भवन के प्रांगण एवं पुराने प्रखंड भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

शिवाजीनगर थाना परिसर में थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, हथौड़ी थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मौसम ,प्रखंड बी आर सी केंद्र के प्रांगण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह, बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रांगण में सीडीपीओ निभा कुमारी, खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय परिसर में पदाधिकारी राकेश कुमार,, प्रखंड डीलर संघ के कार्यालय परिसर में अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, पीएससी के प्रांगण में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, पब्लिक लाइब्रेरी परिसर में वीडीओ आलोक कुमार सिंह, प्रखंड जीविका कार्यालय परिसर में बीपीएम नीतू कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा की प्रांगण में प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, पतंजलि के प्रांगण में योगाचार्य डॉक्टर रमाकांत सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घिबाही के प्रांगण में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार पासवान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कॉलोनी के प्रांगण में प्रधानाध्यापक रामनाथ पंडित, मध्य विद्यालय दसौत के प्रांगण में प्रधानाध्यापक देवानंद कामत, प्राथमिक विद्यालय जगदर के प्रांगण में प्रधान शिक्षक संतोष कुमार, प्राथमिक विद्यालय कंखरिया के प्रांगण में प्रधानाध्यापक मोहम्मद अब्दुल्ला, डुमरा मोहन पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया सुनैना देवी, बंधार पंचायत मनरेगा भवन पर चन्दन कुमारी ,शंकरपुर पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया विभा देवी, सरकार पंचायत भवन घिवाही के प्रांगण में मुखिया दुख मुखिया, पंचायत भवन दसौत के प्रांगण में मुखिया नटवर राय, रहियार दक्षिण पंचायत के पंचायत भवन पर मुखिया अशर्फी सहनी, रहियार उत्तर पंचायत भवन परिसर में मुखिया धर्मेंद्र कुमार मंडल, भाजपा कार्यालय परिसर में ललित कुमार झा, संतोष कुमार बबली, जदयू का में अध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह, मौके पर अंचलाधिकारी बिणा भारती, पी ओ बबलू कुमार , समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रखंड के अन्य निजी एवं सरकारी संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रखंड मुख्यालय थाना परिसर सहित अन्य प्रखंड स्तरीय संस्थानों में जवानों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली गई।

# महादलित किशोरी से हैवानियत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक महादलित परिवार की नाबालिग बेटी से हैवानियत की गई, जिसके बाद पीड़िता की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों की तत्परता से आरोपी को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, घटना जानकीनगर थाना क्षेत्र की है।

घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है और स्थानीय लोग आरोपी के लिए कठोरतम सजा की मांग कर रहे हैं। आरोपी युवक की पहचान जानकीनगर थाना क्षेत्र निवासी मो. नजाम के पुत्र मो. महफूज के तौर पर की गई है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित महादलित किशोरी सोमवार शाम करीब 6 बजे सूअर चराकर अपने घर वापस लौट रही थी। इसी बीच मो. महफूज ने सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर उसे दबोच लिया।

आरोपी ने बच्ची का मुंह गमछे से कसकर बांध दिया ताकि वह शोर न मचा सके और उसे गोद में उठाकर पास के मकई के खेत में ले गया। जहां उसने मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाया। दुष्कर्म के दौरान जब पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर चीखने का प्रयास किया, तो पास के खेत में मौजूद कुछ युवकों ने आवाज सुनी। संदेह होने पर जब वे खेत की ओर दौड़े, तो वहां का मंजर देखकर सन्न रह गए।

- पीड़िता की हालत गंभीर
- रंगे हाथों लोगों ने पकड़ा
- सूअर चराकर लौट रही थी घर

वहीं, ग्रामीणों को आता देख आरोपी महफूज ने भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय युवकों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तब तक मासूम गंभीर रूप से लहूलुहान हो चुकी थी।

परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय जानकीनगर थाना को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं, पीड़िता की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है।

डॉक्टरों के अनुसार, नाबालिग की स्थिति स्थिर है और उसकी मेडिकल जांच कराई जा रही है। पुलिस ने आरोपी मो. महफूज के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकीनगर थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान ने बताया कि आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पुलिस स्पीडी ट्रायल के जरिए पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास करेगी। दलित संगठनों और स्थानीय ग्रामीणों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। जबकि पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच और सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।

## अमृत भारत योजना की बाधाएं हुई दूर

**सासाराम।** जिला मुख्यालय व पर्यटन दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाने वाले सासाराम जंक्शन पर अमृत भारत योजना को धरातल पर उतारने में आ रही बाधा अब दूर हो गई है। पोर्टिको शेड निर्माण में आड़े रहे सौ फीट ऊंचा तिरंगा पोस्ट को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। झंडा पोस्ट को पोर्टिको शेड के समीप बन रहे फब्बारा सह पार्क परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। पोस्ट को शिफ्ट किए जाने के साथ ही लगभग शेड निर्माण की बाधित कार्य आगे की ओर बढ़ने लगा है। बहरहाल एजेंसी निर्धारित समय में योजना को पूर्ण कराने की दिशा में जुट गई है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल सासाराम जंक्शन पर यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधा मुहैया कराने को लेकर फिलहाल 21 करोड़ से अधिक रुपये की योजना स्वीकृत की गई है, जिसका शिलान्यास अगस्त 2023 में पीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की थी।

# अपहृत युवा उद्यमी के बरामद होने से उद्यमियों ने ली चैन की सांस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जमशेदपुर से रहस्यमय तरीके से लापता उद्योगपति पुत्र कैरव गांधी को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने उन्हें हजारीबाग जिले के बरही इलाके से बरामद किया और मंगलवार अहले सुबह करीब 4:30 बजे सुरक्षित उनके घर पहुंचाया।

बता दें कि 24 वर्षीय कैरव गांधी, प्रसिद्ध उद्योगपति देवांग गांधी के पुत्र हैं, जो बीते 14 दिनों से लापता थे। कैरव गांधी के लापता होने के बाद यह मामला पूरे राज्य में चर्चा का विषय बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। टीम लगातार विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही थी, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली। एसएसपी पीयूष पांडेय ने कैरव गांधी की बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है। फिलहाल इस पूरे मामले से जुड़े विस्तृत तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा करने की बात कह रही है।

झारखंड की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा अपने पहले जमशेदपुर दौरे पर शहर की विधि-व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कैरव गांधी के अपहरण स्थल का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से जांच की प्रगति की जानकारी ली। डीजीपी ने मामले को गंभीर बताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए थे।

## बुजुर्ग पर दुष्कर्म का आरोप

**बेगूसराय।** जिले के नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में साधु वेशधारी एक बुजुर्ग पर महिला से दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित 'साधु' को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता व आरोपित का मंगलवार को सदर अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार दरभंगा जिले के महापारा गांव का अरविंद लालदेव साधु के वेश में रहता है। वह बीते 10 दिनों से नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहकर झाड़-फूंक का काम कर रहा था।

# बाइक सवार को कुचलकर भाग रहे ट्रक ने डीएसपी की गाड़ी को ठोका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहटा। पटना जिले के बिहटा नगर परिषद कार्यालय के समीप रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बालू लदे एक ट्रक ने पहले बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा और इसी दौरान दानापुर डीएसपी-2 की सरकारी गाड़ी से जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा अपनी सरकारी गाड़ी से बिहटा की ओर आ रहे थे। अचानक हुए इस हादसे में वह बाल-बाल बच गए, हालांकि उनकी सरकारी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ने बाइक सवार को कुचलने से पहले भी एक अन्य वाहन को टक्कर मारी थी। इसके बाद ट्रक चालक तेजी से भागने लगा और सामने से आ रहे एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। आगे जाकर ट्रक ने डीएसपी की गाड़ी को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल क्षेत्र के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक चालक को पकड़ लिया और ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह बालू माफियाओं की साजिश है। लोगों का आरोप है कि जिस ट्रक से यह हादसे वह हुए वह अवैध बालू की ढुलाई करता था। इधर, पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ट्रक को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 25 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड्स के साथ पांच तस्कर धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को कस्टम विभाग की टीम को बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। कस्टम विभाग ने गया एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है। थाई एयर एशिया की फ्लाइट एफडी -122, जो दोपहर 12:30 बजे गया एयरपोर्ट पर उतरी, उससे 25 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड्स (उच्च गुणवत्ता की गांजा) के साथ पांच तस्करों को हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपितों में दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। पुरुष तस्कर सभी यूपी के रहने वाले है, जिनमें अश्विनी कुमार द्विवेदी, गौरव विधुरी, गुलशन मीना शामिल है। वहीं महिला तस्कर दोनों पंजाब के रहने वाले है, जिनकी पहचान मनप्रीत कौर और दिलप्रीत कौर के रूप में की गई है।

आगमन के बाद कस्टम अधिकारियों ने जब यात्रियों के बैग को एक्स-रे मशीन से स्कैन किया, तो संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। इसके बाद बैग को अलग कर भौतिक जांच की गई। जांच में सामने आया कि नशीला पदार्थ खिलौनों के डब्बों में बेहद शातिर तरीके से छिपाया गया था, ऊपर से खिलौनों के छोटे-छोटे पार्ट्स रखकर पैकिंग किया गया था, हालांकि सूत्रों के मुताबिक वजन की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन जानकारी के अनुसार करीब 25 किलो हाइड्रोपोनिक वीड्स बरामद हुआ है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह का सरगना अश्विनी कुमार द्विवेदी प्रतीत हो रहा है। फिलहाल सभी पांचों आरोपितों को उनके सामान सहित कस्टम विभाग ने अपने हिरासत में रखा है और गहन पूछताछ जारी है। जब्त सामग्री की सूची और अन्य कागजी कार्रवाई भी की जा रही है।

गया एयरपोर्ट पर हुई यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया है।

## ध्वजारोहण नहीं कर सके मुख्य पार्षद

**बक्सर।** नगर परिषद कार्यालय परिसर में 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उस समय असहज स्थिति उत्पन्न हो गई, जब विलंब से कार्यालय पहुंचने के कारण नगर परिषद के कार्यकारी मुख्य पार्षद ध्वजारोहण नहीं कर सके।

प्रशासन द्वारा झंडोत्तोलन का निर्धारित समय प्रातः 10:05 बजे तय किया गया था, लेकिन निर्धारित समय तक कार्यकारी मुख्य पार्षद विकास ठाकुर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नहीं हो पाए।

समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे, अंचल पदाधिकारी कुमार दिनेश, थाना अध्यक्ष संजय सिन्हा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इसके अलावा नगर परिषद के पूर्व एवं वर्तमान वार्ड पार्षद भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों की अगवानी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दुबे द्वारा की जा रही थी। निर्धारित समय पर एक बार पुनः कार्यकारी मुख्य पार्षद की प्रतीक्षा की गई, लेकिन उनके कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचने के कारण राष्ट्रहित में कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दुबे ने तिरंगा ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत झंडे को सलामी दी

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** थानाक्षेत्र के मिजार्पुर में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान उत्पन्न विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और रोड़ा-पत्थरबाजी में दोनों ओर से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस गांव में कैंप कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मिजार्पुर के तालपुरैना और बाजिदभोरहां गांवों में स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन चल रहा था। इस दौरान नृत्य-गान के क्रम में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

घटना में मिजार्पुर के मुखिया के पुत्र प्रिंस कुमार सहित पियूष कुमार, राहुल कुमार और सुनील कुमार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति शांत कराई और पुलिस निगरानी में विसर्जन संपन्न कराया।

## गांव पुलिस छावनी में तब्दील

मंगलवार सुबह करीब दस बजे एक चाय दुकान पर हुए विवाद के बाद मामला फिर भड़क उठा और दोनों गांवों के लोग आमने-सामने आ गए। रोड़ा-पत्थर चलने से माहौल तनावपूर्ण हो गया।

सूचना मिलते ही एसडीपीओ नरेश पासवान और थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, फ्लैग मार्च किया और स्थिति पर काबू पाया। मंगलवार को आठ घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।

एसडीपीओ ने दोनों गांवों की पूजा समितियों के सदस्यों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और एहतियातन गांव में कैंप कर रही है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर मांझी में शान से लहराया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मांझी (सारण)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मांझी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में सैकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कमला देवी और बीडीओ उपेंद्र दास ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद विजया देवी और उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह ने तिरंगा फहराया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. रोहित कुमार, थाना परिसर में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हंस, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ पूजा रानी, प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीईओ विभा रानी, विद्युत उपकेंद्र में जेई हरिकृष्ण शरण और पशु चिकित्सालय परिसर में डॉ. प्रवीण प्रभाकर ने झंडोत्तोलन किया ।शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस की व्यापक धूम रही। दलन सिंह उच्च विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक रवीन्द्र यादव, मध्य विद्यालय में अनीसुर्रहमान, हलखोरी साह उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक रईसुल इहरार खान, कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजू दास, कृषि विज्ञान केंद्र में वरीय वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार राय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पृथ्वीनाथ ओझा और माँ सरस्वती विद्या मंदिर रघुनाथ गिरी के मठिया में अमरनाथ तिवारी ने तिरंगा फहराया। सभी स्थानों पर विद्यार्थियों को संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया।

इसके अलावा मांझी रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन मास्टर बीरेंद्र कुमार एवं लालबाबू, महम्मदपुर



पंचायत भवन में मुखिया सिया देवी, कन्या प्राथमिक विद्यालय गोबरही में प्रधान शिक्षक बीके भारतीय, मध्य विद्यालय गोबरही में प्रधानाध्यापक सकलदीप सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय गैरतपुर में प्रधानाध्यापक सुरेश यादव, मध्य विद्यालय जई छपरा में प्रधानाध्यापक मुकेश पंडित, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परिसर में रंजन शर्मा तथा शिव कुमारी आईटीआई परिसर में संचालक पृथ्वीराज सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया ।नगर पंचायत क्षेत्र के चैनपुर में पूर्व मुखिया सत्य नारायण प्रसाद यादव, माली टोला में पूर्व मुखिया अख्तर अली, चौबाह स्थान पर पूर्व मुखिया नवरत्न प्रसाद उर्फ संतोष पहलवान, कौरु धौरु पैक्स भवन परिसर में वीरेंद्र कुमार सिंह तथा नटवर परशुराम में पूर्व मुखिया परमहंस गोंड ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाई। प्रखंड में गणतंत्र दिवस समारोह ने आपसी सौहार्द, लोकतांत्रिक चेतना और देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

# सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही इलाके में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** महनार अनुमंडल क्षेत्र के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड अंतर्गत मुरौवतपुर पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी सीआरपीएफ के जवान रमेश कुमार ड्यूटी के दौरान जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में शहीद हो गए। शहादत की खबर मिलते ही मुरौवतपुर गांव समेत पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

सोमवार को जैसे ही शहीद जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तिरंगे में लिपटे शव के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे लोगों की आंखें नम हो गई। स्वजन की चीख पुकार देख सभी की आंखें से आंसू बहने लगा।

शहीद रमेश कुमार, स्वर्गीय राम इकबाल राय एवं स्वर्गीय मन्ती देवी के पुत्र थे। वे राष्ट्रीय राइफल्स की 62 आरआर बटालियन में नायक के पद पर तैनात थे। उन्होंने वर्ष 2013 में राष्ट्रीय राइफल्स ज्वाइन किया था और उनका प्रशिक्षण रुड़की में हुआ था। वर्तमान में वे जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में देश सेवा में तैनात थे, जहां ड्यूटी के दौरान उन्होंने मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

रमेश कुमार नौ भाई-बहनों में सबसे छोटे थे।



शहादत की सूचना दूरभाष के माध्यम से जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। पत्नी प्रियंका देवी, बड़े भाई विनोद राय सहित अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहीद अपने पीछे पत्नी के अलावा 10 वर्षीय पुत्र ईशान और 8 वर्षीय पुत्री इशानी को छोड़ गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, रमेश कुमार करीब छह माह पूर्व अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। तब किसी ने नहीं सोचा था कि वही मुलाकात उनकी आखिरी होगी। शव यात्रा के दौरान ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर ॡशहीद रमेश कुमार अमर रहेंॡ और ॡभारत माता की जयॡ के गगनभेदी नारे लगाए। पूरा गांव गमगीन माहौल में डूबा रहा, लेकिन हर चेहरे पर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूत पर गर्व भी साफ झलक रहा था।

शहीद रमेश कुमार की शहादत को महनार अनुमंडल क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे। उनका बलिदान न सिर्फ क्षेत्र बल्कि पूरे देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

# गुजरात के भुज में गणतंत्र दिवस पर फहराया गया खादी से निर्मित ध्वज

## कार्यक्रम में शहीद की पत्नी हुईं सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भुज (गुजरात)।** गुजरात के भुज जिले के ग्रेट रन ऑफ कच्छ के धोरडो में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय की ओर से सोमवार को देशभक्ति एवं स्वदेशी शक्ति का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महात्मा गांधी के विरासत खादी से निर्मित दुनिया का सबसे विशाल स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान और गौरव के साथ प्रदर्शित किया गया। यह ध्वज 225 फीट लंबा, 150 फीट चौड़ा है। इसका भार लगभग 1400किलोग्राम है। इस स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को बनाने के लिए खादी कारीगर व श्रमिकों ने लगभग 3500घंटे का अतिरिक्त कार्य किया है। वहीं सफेद नमक के रेगिस्तान के ऊपर आलोकित यह ऐतिहासिक तिरंगा राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत गुजरात के कारीगरों को उपकरण एवं टूलकिट का वितरण किया। बता दें कि 26 जनवरी 2026 को वर्ष 2001 में आए भुज भूकंप के 25 वर्ष पूर्ण हुए। इस दौरान भूकंप से प्रभावित नागरिकों का स्मरण करते हुए कच्छ की अदम्य जिजीविषा और विकास की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित किया गया। मौके पर केवाइसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर कच्छ के रन में दुनिया के सबसे विशाल खादी तिरंगे का भव्य प्रदर्शन किया जाना राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम ऑपरेशन सिदूर के वीर जवानों को समर्पित है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व को श्रेय देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी आंदोलन को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जो नया, सुरक्षित और सुव्यवस्थित भुज खड़ा है वह किसी संयोग का परिणाम नहीं बल्कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम और विकासपरक सोच का प्रतिफल है। भुज को भविष्य के लिए एक आत्मनिर्भर और नियोजित नगर के रूप में विकसित किया गया। श्री कुमार ने कहा कि बीते 11 वर्षो से केवीआइसी ने उत्पादन, विपणन, डिजाइन और तकनीक के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं जिसका व्यापक असर हुआ है। बता दें कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वहीं दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

# एआई और पर्यावरण एवं जल प्रबंधन से नई दिशा लेगा बी.डी. कॉलेज : रत्ना अमृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बी.डी. कॉलेज, पटना में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने ध्वजारोहण किया और कहा कि बी.डी. कॉलेज को पटना का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने सरकार की 'न्याय के साथ विकास' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आहवान किया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कॉलेज द्वारा की जा रही पर्यावरणीय पहलों पर विशेष जोर दिया। ब्रेडा द्वारा लगाए गए सोलर पैनल से बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है जिससे ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कॉलेज ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्मी कम्पोस्ट यूनिट से स्थानीय समुदाय लाभान्वित हो रहा है और जैविक कचरे का पर्यावरण अनुकूल उपयोग किया जा रहा है। एमएसटीसी के साथ हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से कचरे का पारदर्शी और त्वरित निपटान संभव हुआ है, जो सतत विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ध्वजारोहण के पश्चात कॉलेज की सांस्कृतिक समिति द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और नृत्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से बी.डी. कॉलेज को शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के क्षेत्र में एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# भारतीय स्टेट बैंक, पटना में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक पटना मंडल के महाप्रबंधक (नेटवर्क-दक्षिण बिहार) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने ध्वज फहराया। इसके पश्चात बैंक के सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी ने राष्ट्रीय ध्वज को विधिवत सलामी दी। समारोह के दौरान शांति, सद्भाव और विकास की कामना के साथ स्टेट बैंक के प्रतीक चिहन सहित तिरंगे गुब्बारों के गुच्छे आकाश में छोड़े गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के महाप्रबंधक (नेटवर्क-उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क-झारखंड) विवेक चंद्र जायसवाल, लेडीज क्लब पटना की सदस्याएं, स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी उप महाप्रबंधक तथा बड़ी संख्या में बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 में 77वां गणतंत्र दिवस गर्व एवं उत्साह से मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने कार्यालय सह आवासीय परिसर में आयोजित आकर्षक समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय गोयल ने सीआईएसएफ एवं डीजीआर सुरक्षा टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य परेड का निरीक्षण किया तथा उनके अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने एनटीपीसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ, संविदाकर्मियों तथा उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री गोयल ने एनटीपीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में पूर्वी क्षेत्र-1 के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी विभागों तथा इसके अधीन कार्यरत स्टेशनों की उपलब्धियों के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से वर्ष 2032 तक एनटीपीसी के 1,49,000 मेगावाट के लक्ष्य को साकार करने हेतु अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आहववाहन किया। श्री गोयल ने निगम सामाजिक दायित्व के प्रति एनटीपीसी की सतत प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि संस्थान समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ 'सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण' के संकल्प को निरंतर साकार कर रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि विजय गोयल ने संगीता गोयल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संविदा कर्मियों एवं सहयोगियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निरंतर निष्ठा एवं समर्पण के लिए उन्हें सम्मानित किया। पारंपरिक संगीत एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने गणतंत्र की भावना को सजीव करते हुए एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक विविधता के मूल्यों को और भी सुदृढ़ किया। इस अवसर पर अध्यक्षा, सुजाता लेडीज क्लब संगीता गोयल, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कुवूर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम, सभी विभागाध्यक्ष, समस्त कर्मचारीगण, उनके परिजन एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए अभियान की शुरुआत

## ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने की अपील : स्वच्छता सर्वेक्षण में जरूर लें भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण भागीदारी ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ राणा सिंह, प्रोफेसर सुनील सिंह,पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश कुमार केसरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रोफेसर डॉ राणा सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया और परिसर तथा पूरे शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में पटना को बेहतरीन रैंकिंग दिलवाने के लिए छात्रों, आगंतुकों एवं सनी हितधारकों से अधिक से अधिक मात्रा में स्वच्छता सर्वे में प्रतिभागिता करने के लिए आह्वान किया। डॉ राणा ने बिहार सरकार, पटना नगर निगम, तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों तथा कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आने वाले समय में पटना राज्य और देश के स्वच्छतम शहरों में अग्रणी स्थान बनाएगा। उन्होंने सभी आगंतुकों को बताया कि पटना को स्वच्छ बनाना तथा स्वच्छ बनाए रखना पटना के सभी निवासियों तथा पटना नगर निगम की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसकेलिए हम सब को मिल जुल कर सार्थक प्रयास करना चाहिए। सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने शानदार संगीत पर अपनी जानदार गीतों की प्रस्तुति दी। सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा की प्रस्तुति के दौरान श्रोता खुशी से झूम उठे एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा ।

# देश के विकास में सतत अग्रणी भूमिका निभा रहा एनटीपीसी : संजीव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कांटी।** एनटीपीसी कांटी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में संजीव कुमार सुआर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कांटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत परियोजना प्रमुख द्वारा झंडोत्तोलन के साथ की गई। ध्वजारोहण के पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, अग्निशमन सुरक्षा बल, नगर सुरक्षा बल तथा डीएवी स्कूल के बच्चों की परेड टुकड़ियों ने सलामी दी और उत्कृष्ट परेड का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में संजीव कुमार सुआर ने सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा देश के स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण किया जिनके बलिदान के कारण भारत एक गणतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए हुए है। परियोजना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी वर्ष 1975 से देश के विकास में सतत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने एनटीपीसी की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85,975 मेगावाट है तथा वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समारोह में एनटीपीसी कांटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को परियोजना प्रमुख द्वारा मेरिटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सुरक्षा बल, बाल भवन तथा कर्मचारियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र - I मुख्यालय, पटना में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।**पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-। मुख्यालय, पटना में 77 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पावर ग्रिड पूर्वी क्षेत्र-। के क्षेत्रीय प्रमुख नितिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पावरग्रिड के अन्य पदाधिकारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्मिको, बच्चों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-। के अंतर्गत झारखंड एवं बिहार के सभी उपकेन्द्रो पर ध्वजारोहण कर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित किए गए।

# पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मना गणतंत्र दिवस

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी। रेल सुरक्षा बल ने राष्ट्रीय धुन बजाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। महाप्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाइड के परेड का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी इस अवसर पर उपस्थित थे । पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य समस्याएं भी गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित थीं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक पूर्व मध्य रेल कुल प्रारंभिक राजस्व के मामले में 22 हजार 133 करोड़ रुपये के साथ भारतीय रेलवे पर तीसरा सबसे अधिक राजस्व प्राप्त करने वाला क्षेत्रीय रेल है। इसी तरह दिसंबर माह तक पूर्व मध्य रेल ने 147 मिलियन टन माल ढुलाई की है जिससे 17 हजार 943 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में अब तक पूर्व मध्य रेल भारतीय रेलवे पर माल लदान के मामले में चौथे स्थान पर तथा माल लदान से प्राप्त राजस्व के मामले में तीसरे स्थान पर रहा।

# गणतंत्र दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जंदाहा (वैशाली)। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरे परिसर में राष्ट्रीय चेतना का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। टॉपर के रूप में त्रिप्ती एवं विजय लक्ष्मी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चांदनी, मधु, मनीता, निशा, सलोनी, अंकित, आशीष, धर्मेंद्र, नितीश, प्रिंस, रौशन राज, रोहित, सतीश, विशाल, आयुष, अभिषेक, गौतम विशाल एवं मौसम को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच से विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षकों निधि, लक्ष्मी, मनीषा, अनिशा एवं अंशु को भी उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लकी अली को पुरस्कृत किया गया। वहीं जुली, मोनिका, नूतन, अर्चना सहित अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष क्षण उस समय देखने को मिला जब बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा प्रदत्त 'भारत विजनरी लीडर्स अवार्ड' की ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र को संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आनंद रंजन झा ने मंच से अपने हाथों में लेकर उपस्थित जनसमूह को प्रदर्शित किया। इस अवसर ने कार्यक्रम को और अधिक गौरवपूर्ण बना दिया। समारोह को संबोधित करते हुए आनंद रंजन झा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण कराता है। कौशलयुक्त एवं शिक्षित युवा ही सशक्त भारत की पहचान हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी बताया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने सीएसआर के तहत सरकारी स्कूली बच्चों में किया स्वेटर का वितरण

## सरकारी विद्यालय के बच्चों को मिली सर्दी से राहत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज सुजाता लेडीज क्लब के तत्वावधान में अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, शेखपुरा बिंद टोली, पटना के 150 से अधिक विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने स्वेटर वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा 'बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। यह आवश्यक है कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध हों। ठंड के मौसम में बच्चों को सुरक्षित और सहज वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसी छोटी-छोटी पहलें न केवल बच्चों की नियमित पढ़ाई में सहायक होती हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास और मनोबल भी बढ़ाती हैं।' उन्होंने बच्चों से अनुशासन और परिश्रम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया। ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिनेष कुमार ने एनटीपीसी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा 'एनटीपीसी द्वारा दिया गया यह सहयोग बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

इससे उन्हें सर्दी से राहत मिलेगी और यह भावना भी सुदृढ़ होगी कि समाज और संस्थान उनके साथ खड़े हैं। ऐसे प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि को और मजबूत करते हैं।'इस अवसर पर एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के अधिकारीगण, सुजाता लेडीज क्लब की सदस्याएं, विद्यालय के शिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में लाभान्वित बच्चे उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय सुजाता लेडीज क्लब के माध्यम से पटना एवं आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़ी विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियां निरंतर संचालित करता रहा है तथा समाज के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## संपादकीय

# आवारा कुत्ते, आखिर क्या है समस्या का हल?

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में रखी जा रही दलीलों से अभी कोई नतीजा भले नहीं निकला हो, लेकिन अदालत ने इस समस्या का ठोस हल निकालने का साफ संदेश दिया है। इसके बरक्स कुछ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनहीनता दर्शाने और कानूनों को ताक पर रखने में हिचक नहीं हो रही है, तो यह मानवीय संवेदना और समझ पर एक सवालिया निशान है। अगर आवारा कुत्तों की वजह से कोई समस्या पैदा हो रही है, तो उससे बचाव के लिए उचित उपाय निकालने के लिए सरकार से मांग करने और अपने स्तर पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके बजाय अगर कुछ लोगों को कुत्तों को मार डालने जैसे क्रूर रास्ते अपनाना सही लग रहा है, तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है। गौरतलब है कि तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने कम से कम सौ कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, ताजा घटना इस महीने तेलंगाना के कई जिलों में अब तक लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों को मार डालने के बाद सामने आई है। यह समझना मुश्किल है कि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण और उन्हें अनुकूल पर्यावास मुहैया कराने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग करने के बजाय लोगों को मानवीय संवेदना के न्यूनतम तकाजों को भी ताक पर रखना क्यों जरूरी लग रहा है। ऐसे लोगों को संभवतः पशु क्रूरता निवारण से जुड़े कानून की भी कोई फिक्र नहीं है, जो जानवरों को अनावश्यक दर्द पहुंचाने और पीड़ा देने से रोकता है और इसका उल्लंघन करने वालों के लिए दंड का प्रावधान करता है। विडंबना यह है कि आवारा कुत्तों के काटने या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकारें रिहायशी इलाकों से उन्हें हटाने या इस समस्या का हल निकालने को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं दिखतीं। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने और उनके आक्रामक होते जाने पर पहले ही उपाय कर लिए जाते, तो यह समस्या आज इतनी गंभीर नहीं होती, जितनी दिख रही है। कुत्तों के काटने से उपजे जोखिम से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि मनुष्य अपनी बुनियादी संवेदनाओं को भी छोड़ दे।

# गाजा बोर्ड ऑफ पीस की वैश्विक कशमकश

**गाजा बोर्ड ऑफ पीस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो गाजा संघर्ष को सुलझाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना का एक नया मॉडल प्रस्तुत करती है। चूंकि यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र संघ के पारंपरिक ढांचे से बाहर काम करने का अदद प्रयास है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छिड़ गई है। खासकर वैश्विक कशमकश बढ़ चुकी है, जिसके वैश्विक प्रभाव आने वाले वक्त में महसूस किए जाएंगे। सवाल है कि आखिर अपनी ही बनाई पुरानी विश्व व्यवस्था की अनदेखी करते हुए अमेरिका बिल्कुल नई तरह की विश्व व्यवस्था क्यों बनाना चाहता है? ब्रेक के बाद वह अपनी ही नीतियों को क्यों बदल देता है।**

(कमलेश पांडे )

अलबत्ता, गाजा बोर्ड ऑफ पीस इसके गठन को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उसमें अमेरिका के पिछलग्गू देश यानी पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, तुर्की, यूएई जैसे 35 से अधिक देशों ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। जबकि चीन, फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताकर खारिज कर दिया है।

गाजा बोर्ड ऑफ पीस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो गाजा संघर्ष को सुलझाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना का एक नया मॉडल प्रस्तुत करती है। चूंकि यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र संघ के पारंपरिक ढांचे से बाहर काम करने का अदद प्रयास है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छिड़ गई है। खासकर वैश्विक कशमकश बढ़ चुकी है, जिसके वैश्विक प्रभाव आने वाले वक्त में महसूस किए जाएंगे।

सवाल है कि आखिर अपनी ही बनाई पुरानी विश्व व्यवस्था की अनदेखी करते हुए अमेरिका बिल्कुल नई तरह की विश्व व्यवस्था क्यों बनाना चाहता है? ब्रेक के बाद वह अपनी ही नीतियों को क्यों बदल देता है। आखिर वह शेष दुनिया को अमेरिकी मुगालते में क्यों रखना चाहता है? आखिर चीन, रूस, भारत, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन जैसे कद्दावर देश ऐसे पीस बोर्ड से दूरी क्यों बनाए हुए हैं? खास बात यह कि आखिर गाजा बोर्ड ऑफ पीस के अंतर्राष्ट्रीय मायने क्या हैं? और इसके पीछे के वैश्विक निहितार्थ से किसको क्या फायदा और क्षति होने के कयास लगाये जा रहे हैं?

आइए सबसे पहले इस बोर्ड के स्वरूप को जान लेते हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 2025 में इसकी शुरुआत की, जहां खुद ही वे ही यानी पदेन अमेरिकी राष्ट्रपति इसके प्रमुख होंगे और अन्य सदस्य देश तीन-तीन साल के लिए चुने जाएंगे। वहीं, इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का योगदान जरूरी है, जबकि कार्यकारी बोर्ड में मार्को रुबियो, जेरेड कुशनर जैसे नाम शामिल हैं। यह बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण, प्रशासन और क्षेत्रीय समन्वय पर केंद्रित है।

अलबत्ता, इसके गठन को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उसमें अमेरिका के पिछलग्गू देश यानी पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, तुर्की, यूएई जैसे 35 से अधिक देशों ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। जबकि चीन, फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताकर खारिज कर दिया है। खास बात यह है कि भारत जैसे अहम वैश्विक खिलाड़ी ने फिलिस्तीन समर्थन और यूएन-आधारित दो-राज्य समाधान की नीति के चलते अभी इस पर चुप्पी साध रखी है।

जहां तक गाजा पीस बोर्ड के भविष्य के निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड यूएनएससी के समानांतर वैकल्पिक तंत्र बन सकता है, जो वैश्विक संघर्षों में मध्यस्थता करेगा। क्योंकि इसे यूएनओ ने 2027 तक सीमित मान्यता दी है, लेकिन रूस-चीन की असहमति से विवाद बढ़ा है। जबकि भारत जैसे उभरते गुटनिरपेक्ष देशों के लिए यह कूटनीतिक संतुलन की परीक्षा की घड़ी है। यही वजह है कि गाजा बोर्ड ऑफ पीस की अंतरराष्ट्रीय वैधता सीमित और विवादास्पद बनी हुई है, क्योंकि यह यूएनएससी प्रस्ताव 2803 (2025) से 2027 तक की अस्थायी मंजूरी पर टिकी है। देखा गया कि रूस-चीन जैसे देशों की असहमति से इसकी वैश्विक स्वीकार्यता कमजोर है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून पर सवाल उठाती है। जहां तक इसकी वैधता के आधार की बात है तो यूएनएससी ने इसे गाजा पुनर्निर्माण और विसैन्यीकरण के लिए अंतरिम वैधता प्रदान की, लेकिन यूएनओ के पूर्ण नियंत्रण के बिना। मसलन, बोर्ड को अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यक्तित्व दिया गया, जो फिलिस्तीनी तकनीशियनों की समिति और बहुराष्ट्रीय शांति बल के माध्यम से कार्य करता है। हालांकि, सदस्य चयन और जवाबदेही की कमी से इसकी आलोचना भी हो रही है।

जहां तक गाजा पीस बोर्ड के संभावित प्रभाव की बात है तो यह यूएनओ के समानांतर तंत्र के रूप में यूएनओ की एकाधिकार को चुनौती दे सकता है, खासकर वैश्विक संघर्षों में। वहीं, ट्रंप की आजीवन अध्यक्षता जैसी संरचना से लंबे समय में वैधता संकट गहरा सकता है। जबकि भारत जैसे देशों की चुप्पी से बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर बहस तेज हो रही है। कहना न होगा कि रूस और चीन का गाजा बोर्ड ऑफ पीस में असहयोग अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को कमजोर करता है, लेकिन बोर्ड की वैधता को पूरी तरह समाप्त नहीं करता।

दरअसल यह असहमति बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रासंगिकता पर सवाल उठाती है और वैकल्पिक गठबंधनों को बढ़ावा दे सकती है। जहां तक इस बोर्ड के कानूनी आधार की बात है तो रूस-चीन ने बोर्ड को यूएन चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के तहत शक्ति राजनीति का माध्यम बताकर खारिज किया, जो क्षेत्रीय संप्रभुता के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करता है। यूएनएससी प्रस्ताव 2803 की अस्थायी मंजूरी के बावजूद, इनकी वीटो शक्ति से स्थायी वैधता अवरुद्ध हो सकती है।

जहां तक गाजा पीस बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ की बात है तो यह बोर्ड को सॉफ्ट पावर तंत्र तक सीमित रखेगा, जहां अमेरिकी प्रभाव वाले देश ही मान्यता देंगे। जबकि लंबे समय में, यह अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौतियां जन्म दे सकता है, जैसे फिलिस्तीन या प्रभावित देशों द्वारा ढ्ढष्टछ्व में अपील पहल संभव है। वहीं, भारत जैसे तटस्थ देशों को भी अतिरिक्त कूटनीतिक दबाव झेलना पड़ेगा।

देखा जाए तो भारत गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर रणनीतिक चुप्पी अपनाए हुए है, जो बहुपक्षीय संस्थाओं को प्राथमिकता और संतुलित कूटनीति को दर्शाता है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ मजबूत संबंधों और यूएन सुधारों पर जोर को अधिक संतुलित करता है। दरअसल भारत की चुप्पी के कारण हैं, क्योंकि वह डांवांडोल अमेरिकी कूटनीति पर ज्यादा एतबार नहीं कर सकता है। भारत के साथ अमेरिकी नीतिगत चालबाजी के चलते ही इंडिया ने दावोस 2026 में गाजा बोर्ड ऑफ पीस के लॉन्च में भाग नहीं लिया, क्योंकि यह यूएन प्रस्तावों पर आधारित दो-राज्य समाधान से भटकता दिखता है।

चूंकि पीएम मोदी ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत जैसे जी-फोर (जी4) देशों के साथ यूएनएससी विस्तार पर फोकस कर रहे हैं, न कि अमेरिकी वैकल्पिक तंत्र पर। इसलिए भी भारत ने इससे दूरी दिखाई है। इसके अलावा, इस बोर्ड में अमेरिकी पिछे पाकिस्तान की भागीदारी से भी भारत को क्षेत्रीय संतुलन की चिंता है। इसलिए भारत भविष्य की रणनीति पर बल दे रहा है। अपनी इसी कूटनीति के तहत भारत यूएन सुधारों को आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करेगा, और गाजा बोर्ड ऑफ पीस को अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी में रखेगा। वहीं, यदि यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों में विस्तार चाहेगा, तो भारत तटस्थता बनाए रखकर आईसीजे या यूएन मंचों पर सक्रिय हो सकता है। इसप्रकार भारत की यह रणनीतिक स्वायत्तता वाली नीति उसकी लंबी परंपरा को मजबूत करती है।

कुलमिलाकर भारत की गाजा बोर्ड ऑफ पीस पर चुप्पी रणनीतिक स्वायत्तता और बहुपक्षीय कूटनीति को मजबूत करने की नीति का हिस्सा है। भारत का यह रुख फिलिस्तीन समर्थन, इसराइल के साथ सैन्य सहयोग और अमेरिकी दबाव से संतुलन बनाए रखने के लिए अपनाया गया है। जहाँ तक ऐतिहासिक फिलिस्तीन नीति की बात है तो भारत ने 1947 से फिलिस्तीन के आत्मनिर्णय और दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है, जो यूएन प्रस्तावों पर आधारित है। जबकि ट्रंप का यह बोर्ड यूएन ढांचे से बाहर होने के चलते भारत ने इसका खुला समर्थन टाल दिया, ताकि ग्लोबल साउथ में विश्वसनीयता बनी रहे। इससे इसराइल-अमेरिका संतुलन भी बना रहेगा।

चूंकि इसराइल के साथ रक्षा सौदे (जैसे स्पाइस मिसाइलें) और अमेरिका से तकनीकी सहयोग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन बोर्ड में पाकिस्तान की मौजूदगी से क्षेत्रीय जोखिम बढ़ता है। लिहाजा भारत की चुप्पी कूटनीतिक लचीलापन देती है, जहां भारत मानवीय सहायता जारी रख सकता है बिना राजनीतिक बंधन के। वहीं भारत यूएन सुधार पर फोकस कर रहा है, जहां पीएम मोदी जी4 (भारत-ब्राजील-जर्मनी-जापान) के साथ यूएनएससी विस्तार पर जोर दे रहे हैं, न कि वैकल्पिक तंत्रों पर। इसप्रकार यह देखो और इंतजार करो रणनीति बोर्ड की वैधता की परीक्षा के बाद निर्णय लेगी।



# बालिका विकास के बन्द दरवाजे खोलने का समय

**राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का दिन है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई**

(ललित गर्ग)

नए भारत, विकसित भारत और समता-मूलक भारत की परिकल्पना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का केंद्रबिंदु नारी-शक्ति और विशेषकर बालिकाओं का सशक्तिकरण है। उनका दृष्टिकोण केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता के रूपांतरण का आह्वान करता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का दिन है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई; जिसके माध्यम से बालिकाओं की तस्वीर बदल रही है, जहाँ अब वे शिक्षा, खेल और नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और कुपोषण जैसी चुनौतियां अभी भी हैं, जिन्हें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं और कानूनों से दूर करने का प्रयास जारी है, जिससे वे समाज का गौरव और प्रगति का चेहरा बन सकें।

इस दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, लैंगिक भेदभाव को कम करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देना है। बालिकाएं अब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। समाज में बेटियों के प्रति सोच में बदलाव आया है। कानूनी उपाय जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोस्को अधिनियम और सरकारी योजनाएं जैसे मिशन वात्सल्य, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन आदि बालिकाओं के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इन सबके बावजूद आज भी बालिकाएं शोषण एवं भेदभाव का शिकार है। बालिका लिंगानुपात में भले ही सुधार हुआ है, लेकिन बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएँ अभी भी मौजूद हैं। बालिकाओं में एनीमिया और कम वजन जैसी पोषण संबंधी समस्याएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। पितृसत्तात्मक मानसिकता को खत्म करने और बालिकाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता है।



**यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है-** आजादी के अमृत काल में भारत स्वयं को एक नए आत्मविश्वास, नई आकांक्षाओं और नए संकल्पों के साथ गढ़ रहा है। इस परिवर्तनशील भारत की सबसे मजबूत आधारशिला यदि कोई है, तो वह है-बालिका।

# प्रजातंत्र को वास्तविक गणतंत्र में बदलने की जरूरत

**आजादी के लड़ाई के मूल्य आज भले थोड़ा धुंधले दिखते हों या राष्ट्रीय पर्व औपचारिकताओं में लिपटे हुए, लेकिन यह सच है कि देश की युवाशक्ति आज भी अपने राष्ट्र को उसी ज़ज्बे से प्यार करती है, जो सपना हमारे सेनानियों ने देखा था। आजादी की जंग में जिन नौजवानों ने अपना सर्वस्व निछावर किया, वही ललक और प्रेरणा आज भी भारत के उत्थान के लिए नई पीढ़ी में दिखती है। हमारे प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र में भले ही संवेदना घट चली हो, लेकिन आम आदमी आज भी बेहद ईमानदार और नैतिक है। वह सीधे रास्ते चलकर प्रगति की सीढ़ियाँ चढ़ना चाहता है। यदि ऐसा न होता तो विदेशों में जाकर भारत के युवा सफलताओं के इतिहास न लिख रहे होते।**

**(प्रो. संजय द्विवेदी)**

भारी संख्या में युवा शक्तियों से सुसज्जित देश अपनी आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए अब किसी भी सीमा को तोड़ने को आतुर है। युवाशक्ति तेजी के साथ नए-नए विषयों पर काम कर रही है, जिसने हर क्षेत्र में एक ऐसी प्रयोगधर्मी और प्रगतिशील पीढ़ी खड़ी की है, जिस पर दुनिया विस्मित है। आजादी के लगभग 8 दशक पूरे करने के बाद भारतीय गणतंत्र एक ऐसे मुकाम पर है, जहाँ से उसे सिर्फ आगे ही जाना है। अपनी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों के साथ पूरी हुई इन 8 दशकों की यात्रा ने पूरी दुनिया के मन में भारत के लिए एक आदर पैदा किया है। यही कारण है कि हमारे भारतवंशी आज दुनिया के हर देश में एक नई निगाह से देखे जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा का आदर और मूल्य भी उन्हें मिल रहा है। हमें सोचना होगा कि आखिर हम उस सपने को कैसा पूरा कर सकते हैं जिसे पूरे करने के लिए सिर्फ कुछ साल बचे हैं। यानि 2047 में भारत को महाशक्ति और विश्वगुरु बनाने का सपना। आजादी के लड़ाई के मूल्य आज भले थोड़ा धुंधले दिखते हों या राष्ट्रीय पर्व औपचारिकताओं में लिपटे हुए, लेकिन यह सच है कि देश की युवाशक्ति आज भी अपने राष्ट्र को उसी ज़ज्बे से प्यार करती है, जो सपना हमारे सेनानियों ने देखा था। आजादी की जंग में जिन नौजवानों ने अपना सर्वस्व निछावर किया, वही ललक और प्रेरणा आज भी भारत के उत्थान के लिए नई पीढ़ी में दिखती है। हमारे प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र में भले ही संवेदना घट चली हो, लेकिन आम आदमी आज भी बेहद ईमानदार और नैतिक है। वह सीधे रास्ते चलकर प्रगति की सीढ़ियाँ चढ़ना चाहता है। यदि ऐसा न होता तो विदेशों में जाकर भारत के युवा सफलताओं के इतिहास न लिख रहे होते। जो विदेशों में गए हैं, उनके सामने यदि अपने देश में ही विकास के समान अवसर उपलब्ध होते तो वे शायद अपनी मातृभूमि को छोड़ने के लिए प्रेरित न होते। बावजूद इसके विदेशों में जाकर भी उन्होंने अपनी प्रतिभा, मेहनत और ईमानदारी से भारत के लिए एक ब्रांड एंबेसेडर का काम किया है। यही कारण है कि साँप, सपेरों और साधुओं के रूप में पहचाने जाने वाले भारत की छवि आज एक ऐसे तेजी से प्रगति करते राष्ट्र के रूप में बनी है, जो तेजी से अपने को एक महाशक्ति में बदल रहा है। आर्थिक सुधारों की तीव्र गति ने भारत को दुनिया के सामने एक ऐसे चमकीले क्षेत्र के रूप में स्थापित कर दिया है, जहाँ व्यवसायिक विकास की भारी संभावनाएं देखी जा रही हैं। यह अकारण नहीं है कि तेजी के साथ भारत की तरफ विदेशी राष्ट्र आकर्षित हुए हैं। बाजारवाद के हो-हल्ले के बावजूद आम भारतीय की शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थितियों में व्यापक परिवर्तन देखे जा रहे हैं। ये परिवर्तन आज भले ही मध्यवर्ग तक सीमित दिखते हों, इनका लाभ आने वाले समय में नीचे तक पहुँचेगा।

**आकांक्षावान भारत का उदय-** भारी संख्या में युवा शक्तियों से सुसज्जित देश अपनी आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए अब किसी भी सीमा को तोड़ने को आतुर है। युवाशक्ति तेजी के साथ नए-नए विषयों पर काम कर रही है, जिसने हर क्षेत्र में एक ऐसी प्रयोगधर्मी और प्रगतिशील पीढ़ी खड़ी की है, जिस पर दुनिया विस्मित है। सूचना प्रौद्योगिकी, फिल्में, कृषि और अनुसंधान से जुड़े क्षेत्रों या विविध प्रदर्शन कलाएँ हर जगह भारतीय प्रतिभाएँ वैश्विक संदर्भ में अपनी जगह बना रही हैं। शायद यही कारण है कि भारत की तरफ देखने का दुनिया का नजरिया पिछले एक दशक में बहुत बदला है। ये चीजें अनायास और अचानक घट गई हैं, ऐसा भी नहीं है। देश के नेतृत्व के साथ-साथ आम आदमी के अंदर पैदा हुए आत्मविश्वास ने विकास की गति बहुत बढ़ा दी है। भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की तमाम कहानियों के बीच भी विश्वास के बीज धीरे-धीरे एक वृक्ष का रूप ले रहे हैं। कई स्तरों पर बंटे समाज में भाषा, जाति, धर्म और प्रांतवाद की तमाम दीवारें हैं। कई दीवारें ऐसी भी कि जिन्हें हमने खुद खड़ा किया है और हमारा बुरा सोचने वाली ताकतें उन्हें संबल दे रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर भी जब देश बँटा हुआ नज़र आता है, तो कई बार आम भारतीय का दुख बढ़ जाता है। घुसपैठ की समस्या भी एक ऐसी समस्या है जिससे लगातार नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। किसी तरह भी वोट बैंक बनाने और सत्ता हासिल करने की होड ने तमाम मूल्यों को शीर्षासन करा दिया है। ऐसे में जनता के विश्वास की रक्षा कैसे की जा सकती है? आजादी के इतने साल के बाद लगभग वही सवाल आज भी खड़े हैं, जिनके चलते देश का बँटवारा हुआ और महात्मा गांधी जैसी विभूतियां भी इस बँटवारे को रोक नहीं पाईं। देश के अनेक हिस्सों में चल रहे अतिवादी आंदोलन, चाहे वे किसी नाम से भी चलाए जा रहे हों या किसी भी विचारधारा से प्रेरित हों। सबका उद्देश्य भारत की प्रगति के मार्ग में रोड़े अटकाना ही है। अनेक विकास परियोजनाओं के खिलाफ इनका हस्तक्षेप यह बताता है कि सारा कुछ बेहतर नहीं है। गणतंत्र को सार्थक करने के लिए हमें साधन संपन्नों और हाशिये पर खड़े लोगों को एक तल पर देखना होगा। क्योंकि आजादी तभी सार्थक है, जब वह हिंदुस्तान के हर आदमी को समान विकास के अवसर उपलब्ध कराए। कानून की नजर में हर आदमी समान है, यह बात नारे में नहीं, व्यवहार में भी दिखनी चाहिए।

अंतिम आदमी का कीजिए विचार- गणतंत्र के बारे में कहा जाता है कि वह सौ सालों में साकार होता है। भारत ने इस यात्रा की भी काफी यात्रा पूरी कर ली है। बावजूद इसके हमें डा. राममनोहर लोहिया की यह बात ध्यान रखनी होगी कि 'लोकराज लोकलाज से चलता है।' इसी के साथ याद आते हैं पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे लोग, जिन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन देकर भारतीय राजनीति को एक ऐसी दृष्टि दी है, जिसमें आम आदमी के लिए जगह है। यह दर्शन हमें दरिद्रनारायण की सेवा की मार्ग पर प्रशस्त करता है। महात्मा गांधी भी अंतिम व्यक्ति का विचार करते हुए उसके लिए इस तंत्र में जगह बनाने की बात करते हैं। हमें सोचना होगा कि गणतंत्र के इन वर्षों में उस आखिरी आदमी के लिए हम कितनी जगह और कितनी संवेदना बना पाए हैं। प्रगति और विकास के सूचकांक तभी सार्थक हैं, जब वे आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने में समर्थ हों। क्या ऐसा कुछ बताने और कहने के लिए हमारे पास है? यदि नहीं...तो अभी भी समय है भारत को महाशक्ति बनाना है, तो वह हर भारतीय की भागीदारी से ही सच होने वाला सपना है। देश के तमाम वंचित लोगों को छोड़कर हम अपने सपनों को सच नहीं कर सकते।

### तलाशिए सवालों के जवाब

गणतंत्र दिवस इन तमाम सवालों के जवाब खोजने की एक बड़ी जिम्मेदारी भी लेकर आया है। बीते समय में आतंकवाद, नक्सलवाद, क्षेत्रीयता की तमाम गंभीर चुनौतियों के सामने हमारा तंत्र बहुत बेबस दिखा। बावजूद इसके लोकतंत्र में जनता की आस्था बची और बनी हुयी है। हमारी एकता को तोड़ने और मन को तोड़ने के तमाम प्रयासों के बावजूद आम हिंदुस्तानी अपनी समूची निष्ठा से इस देश को एक देखना चाहता है। यह संकल्प लेना होगा कि हम लोकतंत्र में लोगों के भरोसे को जगा पाएं। उनकी उम्मीदों पर अवसाद की परतें न चढ़ने दें। सपनों में रंग भरने की हिम्मत, ताकत और जोश से भरा हो- आम हिंदुस्तानी तो इसी सपने को सच होते हुए देखना चाहता है। यह संयोग ही है कि नया साल और गणतंत्र दिवस हम एक ही महीने जनवरी में मनाते हैं। जाहिर तौर पर हर नए साल का मतलब कलैंडर का बदलना भर नहीं है वह उत्सव है संकल्प का, अपने गणतंत्र में तेज भरने का। आम आदमी में जो भरोसा टूटता दिखता है उसे जोड़ने का। गणतंत्र को तोड़ने या कमजोर करने में लगी ताकतों के मंसूबों पर पानी फेरने का। जनवरी का महीना इसीलिए बहुत खास है क्योंकि यह महीना देश की अस्मिता को पहली बार झकझोर कर जगाने वाले सन्यासी विवेकानंद की जन्मतिथि( 12 जनवरी) का महीना है। जिन्होंने पहली बार भारत के दर्शन को विश्वमंच पर मान्यता ही नहीं दिलायी हमारे दबे-कुचले आत्मविश्वास को जागृत किया। यह महीना है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन ( 23 जनवरी) का जिन्होंने विदेशी सत्ता के दांत खट्टे कर दिए और विदेशी भूमि पर भारतीयों के सम्मान की रक्षा के लिए अपनी सेना खड़ी की। जाहिर तौर पर यह महीना सही संकल्पों और महानायकों की याद का महीना है। इससे हमें प्रेरणा लेने और आगे बढ़ने की जरूरत है। नए साल का सूरज हमें एक नयी रोशनी दे रहा है उसका उजास हमें नई दृष्टि दे रहा है। क्या हम इस रोशनी से सबक लेकर, अपने महानायकों की याद को बचाने और देश को महाशक्ति बनाने के सपने के साथ खड़ा होने का हौसला दिखाएंगें? (लेखक अध्यक्ष, जनसंचार विभाग,माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय है)

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# आन-बान और शान से लहराया तिरंगा, कार्यक्रमों की रही धूम












**नबिटा टीम**

**कटिहार/पूर्णिया।** विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान कटिहार के प्रांगण में 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक वयोबृद्ध डॉ. एमपी मंडल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य अरुण कुमार चौबे एवं सदस्य लता कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने तथा शिक्षा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध निदेशक मिथिलेश कुमार झा, को-ऑर्डिनेटर प्रियंका कुमारी, चंदन पाठक, रेणु कुमारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के लक्ष्मण जायसवाल सहित सभी कर्मीगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। समारोह का समापन मिठाई वितरण एवं देशहित में समर्पित रहने के संकल्प के साथ किया गया।

**बलरामपुर /कटिहार से संवाददाता के अनुसार।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालय एवं गैर सरकारी संस्थाओं में उत्साह के साथ झंडोतोलन किया गया।प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख एसमीना खातून के द्वारा झंडा फहराया गया।वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर में डॉक्टर विकास कुमार के द्वारा तेलता थाना में थानाध्यक्ष दीपक कुमार के द्वारा बलरामपुर पंचायत भवन में मुखिया शाहेना खातून,प्लस टू उच्च विद्यालय बी बलरामपुर में प्रधानाध्यापक पीके झा, महाविद्यालय बी बलरामपुर में प्रचार्य हरेंद्र चंद्र सिंह के द्वारा झंडा फहराया गया।26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू होने के बाद से ही भारत का हर नागरिक अपने संविधान के प्रति गौरव और सम्मान की भावना रखते आ रहे है।जिसको लेकर कई सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति नारे के साथ प्रभातफेरी निकली गयी।तथा देश भक्ति से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन कर देश के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दिया।

**मनसाही/कटिहार से संवाददाता के अनुसार** कांग्रेस किसान कार्यालय मनसाही में 77 वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के शुभ अवसर पर कार्यालय में कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने झंडोतोलन किए। इस मौके पर सर्वप्रथम कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने झंडा फहराया झंडे को सलामी दिए एवं राष्ट्रगान जन गण मन अधिनायक जाया हैं। भारत भाग्य विधाता,भारत माता की जय,वंदे मातरम 26 जनवरी मनाएंगे,घर-घर झंडा फहराएंगे, महात्मा गांधी अमर रहे,लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे आदि के नारे लगाए।इस मौके पर इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा संविधान लिखा गया तब से लेकर प्रत्येक साल 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने कांग्रेस किसान कार्यालय में 77 वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर झंडातोलन किए एवं धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाए। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जमशेद आलम, खुर्शीद आजाद,आजाद यादव, खुर्शीद आलम उर्फ राजा,लालू प्रसाद यादव,सुनील कुमार यादव आदि उपस्थित रहे ।

**कटिहार से संवाददाता के अनुसार** मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभानेवाले अलकरीम विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. अहमद अशफाक करीम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगें को सलामी दी। इस मौके पर अपने संबोधन मे श्री करीम ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवाले रणबांकुरों को यादकर नमन किया।इस मौके पर श्री करीम ने कटिहार मेडिकल कालेज परिसर मे नव निर्मितअति आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न लेबोरेटरी का भी उद्घाटन किया। अति आधुनिक सुविधाओं से संपन्न इस लेबोरेटरी की सुविधा मिल जाने से सीमांचल सहित अन्य जिलों प्रांतों से यहां चिकित्सा सेवा कै पहुंचनेवालों को बेहतर सेवा मिल पायेगी।गणतंत्र दिवस के इस मोके पर कुलाधिपति श्री करीम ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले दस चिकित्सकों डा. प्रमोद कुमार अग्रवाल,डा शिवा हुसैन, डा राजेश कुमार,डा शिप्रा सिंह, डा राकेश कुमार सिंह,डा. कुमार शंभू नाथ, डा. संगीता चौधरी, डा बाबुल कुमारी,डा. मो. अकबर एवं डा. दीपेश कुमार पटेल को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर मे राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रति कुलपति,कार्यपालक निदेशक, कुल सचिव,परीक्षा नियंत्रक, सी एफएओ,सभी डीन,सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी के साथ सैकडों की संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे।

**डंडखोरा/कटिहारसे संवाददाता के अनुसार** प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सभी सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर सलामी दी गई।इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत मॉ के वीर सपूतों के बलिदानों को याद किया,तो संविधान की मूल भावना,उसमें प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्यों पर चर्चा कर संविधान का सम्मान करने की अपील की गई।स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान भारत माता की जय सहित अन्य नारों एवं देशभक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। मुख्य समारोह प्रखंड मुख्यालय में आयोजित हुआ।जहॉ प्रमुख शुभम कुमार ने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में तिरंगा लहराकर सलामी दी।वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा.प्रदीप कुमार,मनरेगा एवं बीआरसी में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय में वरिष्ठ महिला पर्यवेक्षक अंजनि कुमारी ने झंडा फहराया।सबसे अधिक जमावड़ा थाना में रही।जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश,अंचल अधिकारी सादी रऊफ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.प्रदीप कुमार, प्रमुख शुभम कुमार,उपप्रमुख सहेन्द्र प्रसाद मंडल,पूर्व प्रमुख सूरज साह सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिकों एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में थानाध्यक्ष विजय महतो ने राष्ट्रीय ध्वज लहाराया।

अपर थानाध्यक्ष अमलेन्दु सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सशस्त्र सलामी दी।वहीं पंचायत सरकार भवन महेशपुर में मुखिया नीलम देवी,रायपुर पंचायत भवन एव पैक्स गोदाम में मुखिया आलोक कुमार,डंडखोरा पंचायत भवन में मुखिया पार्वती हेम्ब्रम, सौरिया पंचायत भवन में मुखिया निरंजन मंडल, भमरैली पंचायत भवन में मुखिया बिमला देवी तो द्वाशय पंचायत भवन में मुखिया नौशाबा ने तिरंगा लहराया।उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, डुमरिया में प्रभारी प्राचार्य डा.राघवेन्द्र कुमार झा, डंडखोरा पैक्स गोदाम में अध्यक्ष हीरालाल साह, महेशपुर में चंदन प्रसाद साह ने भी झंडोत्तोलन किया।कहीं कहीं देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

**अमौर /पूर्णिया से संवाददाता के अनुसार** अमौर प्रखंड क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी एवं निजी संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सुबह 8:30 बजे प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख असमैरुन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं सीडीपीओ कार्यालय में बीडीओ राजाराम पंडित ने तिरंगा फहराया। थाना परिसर में पुलिस अंचल निरीक्षक एवं थाना अध्यक्ष, नगर पंचायत कार्यालय में मुख्य पार्षद बीवी दिल आरा बेगम ने ध्वजारोहण किया। मदरसा आशा अतुल उलूम में हेड मौलवी मौलाना मोहम्मद इमरान नदवी, रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्रार, चकबंदी कार्यालय में अंचलाधिकारी, स्टेट बैंक शाखा में शाखा प्रबंधक, आदर्श मध्य विद्यालय में विद्यालय सचिव एवं उच्च विद्यालय अमौर में विधायक अख्तरुल इमान ने झंडा फहराया। इसके अलावा रेफरल अस्पताल अमौर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ए. हक, पैक्स गोदाम में ईदी अमीन, पावर ग्रिड कार्यालय में एसडीओ रुद्रेश्वर कुमार सिंह एवं जेई विशाल कुमार ने ध्वजारोहण किया। पूर्व प्रमुख रीता देवी के आवास पर भाजपा नेता सौखी लाल कर्मकार एवं भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उमेश विश्वास द्वारा भी झंडा फहराया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न निजी शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।वहीं पावर ग्रिड अमौर परिसर में एसडीओ रुद्रेश्वर कुमार सिंह एवं जेई विशाल कुमार द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# जनसुनवाई में गूंजा महिलाओं का दर्द

## अफसरों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** राष्ट्रीय महिला आयोग के आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को महानंदा सभागार, पूर्णिया में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने की।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी, जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

जनसुनवाई के दौरान पूर्णिया जिले के दूर-दराज ग्रामीण इलाकों से पहुंची महिलाओं ने घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति विवाद, उत्पीड़न सहित अन्य सामाजिक समस्याओं को बेबाकी से आयोग की सदस्य के समक्ष रखा। पीड़ित महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए श्रीमती ममता कुमारी ने मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों में त्वरित, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं को अपनी बात सीधे आयोग तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे उन्हें न्याय की उम्मीद और प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ।

# सोशल मीडिया पर वायरल हवाई फायरिंग मामले में मुख्य अभियुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देशी पिस्टल से हवाई फायरिंग की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। वायरल वीडियो के सत्यापन में तीन व्यक्तियों द्वारा हवाई फायरिंग की घटना सामने आई। जांच के क्रम में हवाई फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान किशन सिंह (26) एवं सहयोगी बिट्टू कुमार (23), दोनों दुगार्पुर वार्ड संख्या-33 निवासी थाना नगर जिला कटिहार के रूप में की गई। एक अन्य व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घटना के संबंध में नगर थाना कांड संख्या - 103 /26,दिनांक 25.01.2026, धारा 25(1-बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया। उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कटिहार वन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर सोशल मीडिया परहवाई फायरिंग का विडियो वायरल करने वाले मुख्य अभियुक्त किशन सिंह को एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ विधिवत गिरफ्तार किया।एसडीपीओ श्री सिंह ने कहा कि अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। प्रेस वार्ता में एएसपी सह सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह, नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक कुंदन कुमार सिंह मौजूद रहे।

# पोखर में गिराई गई मछलियों की लूट, वीडियो हुआ वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार।** मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के भखरीपुर पश्चिम टोला चौक के समीप मत्स्य विभाग के जलकर 5.27 डिसमिल में छोड़े गए मछली को 26 जनवरी को वहां के कुछ स्थानीय लोगों ने लूट लिया। पट्टे धारकों ने बताया कि उक्त नदी में मछली मारने के लिए 25 जनवरी की देर शाम को नाव एवं जाल गिराया था जिसे वह 26 जनवरी को उक्त पोखर से मछली निकालता मगर इन लोगों के पहुंचने से पहले ही वहां के स्थानीय लोग करीब 50 से 60 की संख्या में एकजुट होकर पोखर में गिराए गए मछली को मार कर लूट कर ले गए घटना को लेकर पट्टेदार हीरा सहनी ने मनसाही थाना में एक लिखित आवेदन दिया । लिखित आवेदन में उन्होंने सिकंदर उरांव, संजय उरांव,रतन उरांव,मुकेश उरांव, दीपक उरांव,गणेश उरांव,मो. मन्नान सहित अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उक्त पोखर में गिराए गए जाल से मछली मारकर लूट करने का आरोप लगाया हैं। इससे पहले भी लोगों ने 17 जुलाई को मखाना लूटने का प्रयास किया था। जिसको लेकर थाने में आवेदन दिया था उस दौरान मनसाही पुलिस ने पोखर पर खड़े होकर मखाना उठवाया मगर पुनः 26 जनवरी को उन्ही लोगों ने मछली लुट लिया। जब गिराए गए मछली को उनके ही नाव और जाल से छांक कर मछली लूट ले गए इससे साफ जाहिर होता हैं कि यह लोग कानून से ऊपर हैं।

# सिय्योन डॉन बॉस्को मिशन स्कूल की झांकी को मिला दूसरा स्थान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धमदाहा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिय्योन डॉन बॉस्को मिशन स्कूल, धमदाहा द्वारा उच्च विद्यालय धमदाहा के क्रीड़ा मैदान में सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण विषय पर भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी के माध्यम से भारत की अखंडता एवं अनेकता में एकता का सजीव चित्रण किया गया, जिसे दर्शकों और निर्णायक मंडल द्वारा खूब सराहा गया। प्रतियोगिता में विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष कुमार द्वारा विद्यालय को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने क्रीड़ा मैदान में ड्रम बजाते हुए आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके उपरांत बच्चों ने अवर निबंधन कार्यालय में भी ड्रम परेड कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर अवर निबंधन पदाधिकारी मोहम्मद सोहेल अख्तर ने बच्चों को पारितोषिक प्रदान किया एवं विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य ने सम्मान एवं सहयोग के लिए सभी अधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में निदेशक द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण प्रस्तुत किए।

अपने संबोधन में निदेशक ने बच्चों को संविधान का पालन करने, देश की प्रगति में योगदान देने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# जीविका दीदी अधिकार केंद्र का उद्घाटन

## एक ही छत के नीचे मिलेगी महिलाओं को कानूनी व सामाजिक सहायता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धमदाहा /पूर्णिया।** धमदाहा प्रखंड मुख्यालय परिसर में जीविका दीदी अधिकार केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन अध्यक्ष टिंकू देवी, समन्वयक कुमारी नंदन, जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) ओमप्रकाश मंडल एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) परिमल सौरभ के संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डीपीएम ओमप्रकाश मंडल ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में शुरू की गई यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केंद्र प्रखंड स्तर पर सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदी अधिकार केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाना है। यह केंद्र घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें संघर्ष के लिए आवश्यक सहयोग भी प्रदान करेगा।

केंद्र के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन पत्र भरने एवं जमा करने में सहायता, कानूनी परामर्श, तथा उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र का संचालन जीविका दीदी एवं स्थानीय कैडर सशक्तिमा दीदी द्वारा किया जाएगा।

बताया गया कि प्राप्त शिकायतों का समाधान पहले स्थानीय स्तर पर किया जाएगा, आवश्यकता पड़ने पर मामलों को प्रखंड स्तरीय समिति के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, महिलाएं इस केंद्र के माध्यम से महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस 112 तथा चाइल्ड लाइन 1098 से भी जुड़ सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जीविका दीदी एवं जीविका के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ.पीके अग्रवाल को एफआरसीपी एडिनबरा की उपाधि, लोगों में हर्ष

## कोसी जोन के पहले ट्रिपल एफआरसीपी चिकित्सक बने ☐ मारवाड़ी युवा मंच कटिहार की जागृति शाखा ने किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** प्रसिद्ध चिकित्सक एवं शिक्षाविद् प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल को रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस एडिनबरा यूके की ओर से प्रतिष्ठित एफआरसीपी एडिनबरा की उपाधि प्रदान की गई।इस सम्मान के साथ ही डॉ. अग्रवाल अब एफआरसीपी लंदन, एफआरसीपी ग्लासगो और एफआरसीपी एडिनबरा–तीनों अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप प्राप्त करने वाले कोसी जोन के पहले चिकित्सक बन गए हैं। यह उपलब्धि अत्यंत दुर्लभ और गौरवपूर्ण मानी जाती है। एफआरसीपी विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, अत्यंत प्रतिष्ठित फेलोशिप है, जो चिकित्सा सेवा, शिक्षण, शोध एवं नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को प्रदान की जाती है। मारवाड़ी युवा मंच कटिहार की जागृति शाखा अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, शाखा सचिव तृषा मितल, शाखा कोषाध्यक्ष सरिता गोयनका, सुनीता गोयनका,कविता यादुका मीनू भोपालका,अनु शर्मा, मुनमुन शर्मा, सरोज सेकसरिया, रीना मित्तल आदि ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर एवं केक काटकर डॉक्टर अग्रवाल को सम्मानित किया।इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने अपने सभी गुरुओं, सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सामूहिक मार्गदर्शन और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि को चिकित्सा जगत एवं रोगी-केन्द्रित, नैतिक चिकित्सा सेवा को समर्पित किया।डॉ. अग्रवाल की इस उपलब्धि से न केवल बिहार बल्कि पूरे कोसी क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है। डॉ अग्रवाल की इस उपलब्धि हेतु बधाईयों का ताता लगा हुआ है बधाई देने वालों में प्रमुख कमल मवांडिया संजीव अग्रवाल, डॉक्टर सुमित काबरा, डॉ लीलाधर महेश्वरी, डॉक्टर अंकित भोपालका, समाजसेवी सुनील अग्रवाल, संजीव कुमार महेश्वरी, सीमा केजरीवाल, विष्णु यादूका, रिनीता चौधरी, सुषमा चांडक, निखिल भोपालका, आलोक अग्रवाल इत्यादि प्रमुख हैं।

# नारायण भोज का आयोजन

**कटिहार।** मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा सदैव समाजसेवा और मानवता से जुड़े कार्यों में अग्रणी रही है। इसी कड़ी में शाखा द्वारा प्रतिमाह दो अवसरों पर नारायण भोज कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया है। इसी श्रृंखला की कड़ी के रूप में श्याम मंदिर परिसर में नारायण भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच शाखा के सदस्य ने सक्रिय रूप से नारायण भोज के तहत जरूरतमंदों को खाना खिलाया। भोजन वितरण में मंच के शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल,पूर्व शाखा अध्यक्ष राहुल मुरारका,शाखा सह सचिव मयंक पूरणमलका एवं कार्यवाहक कोषाध्यक्ष यश गोयल उपस्थित रहे और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित भाव से योगदान दिया। कार्यक्रम की सबसे खुशी की बात यह थी कि इस पुनीत कार्य में हम सबके साथ एक नन्ही परी के रूप में छोटी सी गुड़िया ने भी हमारा साथ दिया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं सदस्यों ने कहा कि मंच समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा इसी प्रकार निभाता रहेगा और भूखे को खाना खिलाना खुशियों की झोली भरने के बराबर होता है।

# जल-जीवन-हरियाली पर आधारित झांकियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी/पूर्णिया। अनुमंडल में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा जलझजीवनझहरियाली थीम पर आधारित आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संचय एवं हरियाली के महत्व का सशक्त संदेश दिया गया।

मनरेगा, समाज कल्याण विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, प्रखंड परियोजना अनुश्रवण इकाई (बनमनखी), नगर विकास एवं आवास विभाग, कृषि विभाग सहित जीवन ज्योति विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, बाल भारती, वर्ल्ड नेशनल स्कूल तथा अन्य निजी विद्यालयों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाषण, कविता पाठ, लोकगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, स्वच्छता से जुड़े कर्मियों एवं अन्य योगदानकताओं को विधायक, एसडीएम एवं एसडीपीओ द्वारा संयुक्त रूप से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा लाभुकों के बीच राशन कार्ड एवं बास्किट पर्चा का वितरण भी किया गया। इससे पूर्व अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम प्रमोद कुमार, अग्निशमन विभाग में एसडीपीओ शैलेश प्रीतम, अधिवक्ता संघ में अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साह, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख कामेश्वर टुडू, मनरेगा कार्यालय में पीओ संजीव कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ विनीता कुमारी, बीआरसी में बीईओ समीर कुमार, बनमनखी थाना में थानाध्यक्ष संजय कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल में डॉ. प्रिंस कुमार सुमन, हल्का कचहरी में अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, जानकीनगर थाना में थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान, सरसी थाना में थानाध्यक्ष राजू कुमार, जीएलएम कॉलेज में प्राचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय, अनंदी जानकी महिला महाविद्यालय (डिग्री) में प्राचार्य महेंद्र रॉय, आरपीएफ में विजय शंकर, टेंडर हार्ट पब्लिक स्कूल में बी.एन. झा सहित विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों एवं चौक-चौराहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

# मुनाफावसूली से सोना-चांदी में गिरावट

### चांदी 7 प्रतिशत से ज्यादा टूटी, सोना 1 प्रतिशत से अधिक फिसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुनाफावसूली के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद चांदी की कीमतों में 7 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई, जबकि सोना भी कमजोर हुआ। कॉमेक्स पर सोने की कीमत 1.16 प्रतिशत गिरकर 5,023.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। हालांकि गिरावट के बावजूद सोना 5,000 डॉलर के अहम स्तर के ऊपर बना हुआ है। वहीं, कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 6.41 प्रतिशत टूटकर 108.095 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। इससे पहले सत्र में चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, जब यह 117.71 डॉलर प्रति औंस के पार चली गई थीं, लेकिन इसके बाद तेज बिकवाली देखने को मिली।

**एमसीएक्स पर सोने-चांदी का भाव-** एमसीएक्स पर सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के चलते दोनों धातुओं ने अपनी रिकॉर्ड तोड़ रैली को आगे बढ़ाया।

एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,58,674 प्रति 10 ग्राम पर खुली, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 1,56,037 प्रति 10 ग्राम था।

कारोबार के दौरान सोने का भाव बढ़कर 1,59,820 प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर तक पहुंच गया। वहीं, एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,39,824 प्रति किलो पर खुली, जबकि पिछले सत्र में इसका भाव 3,34,699 प्रति किलो था।

कारोबार के दौरान चांदी की कीमत 22,010 यानी 6.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,56,709 प्रति किलो तक पहुंच गई। चांदी ने 3,59,800 प्रति किलो का अब तक का सर्वोच्च स्तर भी छू लिया।

## 90 मिनट में 1.7 ट्रिलियन डॉलर स्वाहा !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में आज भारी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों धातुओं की कीमत पिछले सत्र में रेकॉर्ड पर पहुंच गई थी लेकिन मुनाफावसूली के कारण उनमें भारी गिरावट आई। चांदी की कीमत कारोबार के दौरान 14त्न बढ़ गई थी लेकिन आखिर में उसने यह बढ़त हो गई और 900 अरब स्वाहा हो गए। इसी तरह सोने ने भी अपनी तेजी गंवा दी और मिनटों में 800 अरब खत्म हो गए। इस तरह दोनों धातुओं का मार्केट कैप 90 मिनट में .1.7 ट्रिलियन कम हो गया। कॉमेक्स पर पिछले सत्र में चांदी की कीमत 118 डॉलर प्रति औंस के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। लेकिन 90 मिनट के भीतर यह गिरकर 103 डॉलर पर आ गई। इसी तरह सोना भी 5,100 डॉलर प्रति औंस से गिरकर 5004.1 डॉलर पर आ गई। अंत में सोना 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,023.60 प्रति औंस पर आ गया जबकि चांदी की कीमत 6.41त्न गिरावट के साथ .108.095 प्रति औंस रह गई।

### भारत में सोने की कीमत

सोने की कीमत में इस साल करीब 17 फीसदी तेजी आई है जबकि चांदी की कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ी है। दुनिया में उथलपुथल, यूएस डॉलर की कमजोरी और ट्रंप की ट्रेड पॉलिसीज के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश की तलाश में सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट के बावजूद भारत में सोने और चांदी की कीमत में भारी तेजी दिख रही है। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत में 20,000 रुपये से ज्यादा तेजी आई है जबकि सोना 2,500 रुपये से ज्यादा उछला है।

## 1 पर 3 शेयर बोनस देगी इन्फोबींस टेक्नोलॉजीज

- 1200 प्रतिशत तक उछल गया है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन्फोबींस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है। कंपनी ने 3ः1 के रेशियो में बोनस इश्यू को मंजूरी दी है। यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 3 शेयर मुफ्त

InfoBeans
CREATING W
InfoBeans Technologies Ltd.

में मिलेंगे। यह फैसला 22 जनवरी 2026 को हुई बोर्ड मीटिंग में लिया गया है। हर बोनस शेयर का फेस वैल्यू 10 होगा और यह पूरी तरह से पेड-अप रहेगा। हालांकि, यह बोनस इश्यू शेयरहोल्डर्स की मंजूरी और जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं के बाद ही लागू होगा, जिसके लिए पोस्टल बैलेट कराया जाएगा। बता दें कि पिछले शुक्रवार को कंपनी के शेयर 808.95 रुपये पर बंद हुए थे। सालभर में यह शेयर 110 पर्सेंट, पांच साल में 460 पर्सेंट और इसका मैक्सिमम रिटर्न 1200 प्रतिशत तक का है। आसान भाषा में समझें तो बोनस इश्यू का मतलब है कि कंपनी अपने मौजूदा निवेशकों को बिना कोई पैसा लिए अतिरिक्त शेयर देती है। इसके लिए कंपनी अपनी जमा पूंजी यानी रिजर्व और सिक्योरिटीज प्रीमियम को शेयर कैपिटल में बदलती है। इसमें कंपनी के पास से कोई कैश बाहर नहीं जाता। आमतौर पर बोनस इश्यू को मैनेजमेंट के भरोसे का संकेत माना जाता है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत है और भविष्य को लेकर वह आश्वस्त है। हालांकि, निवेशकों को यह समझना जरूरी है कि बोनस के बाद कुल निवेश की वैल्यू नहीं बढ़ती, क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने के साथ कीमत उसी अनुपात में घट जाती है।

## बजट में मिडिल क्लास को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय बजट 2026 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सैलरीड और मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स की उम्मीदें फिर से बढ़ गई हैं। महंगाई, बढ़ती इएमआई और रोज़मर्रा के खर्चों के बीच लोग चाहते हैं कि सरकार इस बार इनकम टैक्स में बड़ी राहत दे, ताकि हाथ में



आने वाला पैसा बढ़े। लेकिन टैक्स एक्सपर्ट्स की मानें तो इस बार भी बड़े टैक्स कट की संभावना कम ही है। वजह साफ है। सरकार पहले ही पिछले कुछ बजट्स में इनकम टैक्स सिस्टम में बड़े बदलाव कर चुकी है और अब फिस्कल स्पेस काफी सीमित है। टैक्स एक्सपर्ट दिनकर शर्मा ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस से कहा है कि सरकार मानती है कि पर्सनल इनकम टैक्स में ज़्यादातर बड़े सुधार पहले ही हो चुके हैं। नया टैक्स रिजीम, जिसमें कम स्लैब रेट, ज़्यादा रिबेट और आसान नियम हैं, उसे लॉन्ग टर्म सुधार के तौर पर देखा गया है, न कि अस्थायी राहत के रूप में। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस और सोशल स्कीम्स पर भारी खर्च की वजह से सरकार के पास बड़े टैक्स कट के लिए ज़्यादा गुंजाइश नहीं बचती। अब टैक्सपेयर्स भी बड़े ऐलान से ज़्यादा प्रैक्टिकल बदलाव चाहते हैं, जैसे महंगाई के हिसाब से स्लैब, छूट की लिमिट में सुधार और आसान कंप्लायंस।

**अन्य एक्सपर्ट की राय-** ध्रुवा एडवाइजर्स के पार्टनर दीपेश छेड़ा भी मानते हैं कि पिछले कुछ सालों में कॉरपोरेट और इंडिविजुअल टैक्स में पहले ही काफी राहत दी जा चुकी है। कॉरपोरेट टैक्स रेट घटाकर करीब 25 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे सरकार को बड़ा रेवेन्यू नुकसान हुआ।

# 6489 करोड़ का हुआ दिग्गज बैंक को प्रॉफिट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सिस बैंक ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक की मुनाफे में सालाना आधार पर हल्की बढ़त देखने को मिली है। दिसंबर तिमाही में एक्सिस बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट करीब 3 प्रतिशत बढ़कर 6,489.57 करोड़ रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 6,303.77 करोड़ था।

हालांकि, तिमाही आधार पर देखें तो बैंक की कमाई में तेज सुधार देखने को मिला है। सितंबर तिमाही के मुकाबले मुनाफा 27 प्रतिशत उछलकर आया है, जो बैंक के ऑपरेशनल प्रदर्शन में सुधार का संकेत देता है, भले ही फंडिंग कॉस्ट का दबाव बना रहा हो।

नेट इंटरेस्ट इनकम पर ऊंचे ब्याज खर्च का असर दिखा। दिसंबर तिमाही में बैंक का इंटरेस्ट एक्सपेंस बढ़कर 17,987.84 करोड़ हो गया, जो पिछले साल 17,348.09 करोड़ था। इसी वजह से नेट इंटरेस्ट मार्जिन 3.64 प्रतिशत पर रहा। वहीं, बैंक की इंटरेस्ट इनकम 32,274 करोड़ रही, जिसमें सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### शेयरों के हाल

शेयर बाजार की बात करें तो एक्सिस बैंक का शेयर मंगलवार को बाजार खुलने पर फोकस में रहेगा, क्योंकि सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी थी। शुक्रवार को शेयर 2.84 प्रतिशत गिरकर 1,258 पर बंद हुआ था। हालांकि, लंबे समय में स्टॉक का प्रदर्शन मजबूत रहा है। पिछले एक साल में शेयर 32 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि 5 साल में इसमें करीब 91 प्रतिशत की तेजी आई है। इस महीने शेयर ने 1,326 का 52-सप्ताह का उच्च स्तर छुआ था। एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा कि बैंक डिजिटल बैंकिंग, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर फोकस करते हुए भविष्य के लिए खुद को और मजबूत बना रहा है।

# 500 की एक काली स्ट्रॉबेरी

### ढाबे पर खाली बैठे तो 1000 का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में गहरे बैंगनी लगभग काले रंग की ब्लैक पर्ल स्ट्रॉबेरी सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रेंड बन गई है। इस दुर्लभ स्ट्रॉबेरी की कीमत करीब भारतीय मुद्रा में लगभग 3500-3700 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं, इसकी एक की कीमत 450-500 रुपये बताई जा रही है। ज्यादा मिठास और अनोखे रंग के कारण इसे स्ट्रॉबेरी की हर्मीस कहा जा रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक इसका रंग इसमें मौजूद एंथोसायनिन तत्व की वजह से होता है। हालांकि इसकी खेती मुश्किल और पैदावार कम होने के कारण किसान अभी सतर्क हैं, लेकिन स्वाद के चलते इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।



### ढाबे पर खाली बैठे तो लगेगा एक हजार रुपये का जुर्माना

बेंगलुरु में एक ढाबे का नोटिस इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस ढाबे ने अपनी दीवार पर नोटिस लगा दिया है। इसमें लिखा है कि कोई मीटिंग की अनुमति नहीं। एक घंटे से ज्यादा चली मीटिंग पर प्रति घंटा 1000 रुपये शुल्क लिया जाएगा। इस नोटिस की तस्वीर बेंगलुरु निवासी शोभित बाकलीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की, जिसके बाद यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई। कुछ ही समय में इसे हजारों लोग देख चुके हैं। दरअसल, बेंगलुरु में कई कैफे और ढाबे अब अनौपचारिक ऑफिस की तरह इस्तेमाल होने लगे हैं, जहां लोग घंटों बैठकर मीटिंग करते हैं लेकिन बहुत कम ऑर्डर देते हैं। इससे खासकर छोटे दुकानदारों को नुकसान होता है, क्योंकि टेबल लंबे समय तक घिरी रहती हैं और नए ग्राहक नहीं बैठ पाते।कई सोशल मीडिया यूजर्स ने ढाबे के इस कदम का समर्थन किया। एक यूजर ने लिखा कि लोग घंटों बैठते हैं और कुछ मंगाते भी नहीं, ऐसे में मालिक परेशान तो होगा ही। वहीं कुछ लोगों ने इसे मजेदार बताते हुए कहा कि बेंगलुरु के ढाबों के नियम वाकई अनोखे होते हैं। यह नोटिस भले ही सख्त लगे, लेकिन इससे यह साफ हो गया है कि अब खाने की जगहों पर वर्क-मीटिंग संस्कृति की सीमा तय की जा रही है।

# दुनिया के अमीरों की लिस्ट अंबानी टॉपर और अडानी दूसरे पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजी सूची में भारत के सबसे रईस मुकेश अंबानी और दूसरे सबसे अमीर गौतम अडानी को बड़ा झटका लगा है। दुनिया के अरबपतियों की इस साल की टॉप लूजर्स की लिस्ट मुकेश अंबानी पहले और गौतम अडानी दूसरे स्थान पर हैं।

ब्लूमबर्ग की लिस्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी ने इस साल अब तक 15.1 अरब डॉलर गंवाए हैं। जबकि, अडानी 14.5 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। इसके साथ ही अडानी के सिर से एशिया के दूसरे सबसे रईस का ताज भी छिन गया है। अब इस पोजीशन पर चीन के कारोबारी झोंग शानशान आ गए हैं। अडानी 70 अरब डॉलर के साथ 25वें और अंबानी 92.6 अरब डॉलर के साथ दुनिया 19वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दुनिया सातवें सबसे

### कोई शामिल नहीं होना चाहता इसमें



अमीर शख्स बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इस साल अर्नाल्ट की दौलत 13.6 अरब डॉलर कम हुई है। अब इनके पास 194 अरब डॉलर की संपत्ति है।

चौथे नंबर पर लैरी एलिसन हैं। साल 2026 के इन 26 दिनों में इनकी संपत्ति 12.1 अरब डॉलर घटी है। अब इनके पास 235 अरब डॉलर की संपत्ति है। पांचवें स्थान पर बिलगेट्स हैं। इस साल इनकी संपत्ति 9.37 अरब डॉलर घटकर 108 अरब डॉलर रह गई है।

### अंबानी के नेटवर्थ में गिरावट के कारण

मुकेश अंबानी की दौलत में कमी की वजह उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट। इस साल अबतक रिलायंस के शेयर करीब 12 पर्सेंट टूट चुके हैं। इसका असर अंबानी की दौलत पर पड़ा, जिसका एक बड़ा हिस्सा इन शेयरों से आता है।

### अडानी के नेटवर्थ में गिरावट की वजह

इसी तरह अडानी ग्रुप की कई कंपनियों के शेयर इस साल गिरे हैं। अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 13त्न तक टूट गए। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग के कथित धोखाधड़ी और 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिश्वत मामले में गौतम अडानी और सागर अडानी को समन जारी करने के लिए अदालत से मंजूरी मांगने की खबरों के बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर में गिरावट आई। हालांकि अडानी ग्रुप ने आरोपों को खारिज कर दिया है।

# अब भारत में बनेंगे एयरोप्लेन

### अडानी ने ब्राजील की दिग्गज कंपनी के साथ की डील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप अब भारत में एयरोप्लेन एसेंबल करने की तैयारी में है। ग्रुप की कंपनी अडानी एयरोस्पेस एंड डिफेंस ने भारत में कमर्शियल विमान बनाने के लिए ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर के साथ एक बड़ा समझौता किया है। यह डील भारत सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत देश में हवाई जहाज बनाने को बढ़ावा देगी। इससे भारत में रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट यानी छोटे यात्री विमान बनाने का पूरा इकोसिस्टम तैयार होगा। हालांकि, एम्ब्रेयर का कहना है कि प्लेन बनाने की फैक्ट्री कहां लगेगी और पार्टनरशिप की पूरी रूपरेखा क्या होगी, यह सब अभी तय होना बाकी है। दोनों कंपनियों के बीच यह डील नागरिक उड्डयन मंत्रालय में केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू की मौजूदगी में हुआ।

एयरबस और बोइंग के बाद एम्ब्रेयर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी विमान निर्माता कंपनी है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के डायरेक्टर जीत अडानी ने कहा कि इस बारे में जल्द ही और जानकारी मिलेगी और प्लानिंग के साथ-साथ काम भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, समय-सीमा और बाकी डिटेल्स अगले कुछ महीनों में सामने आ जाएंगी। हम चुनी गई जगह पर तुरंत काम शुरू करने की उम्मीद करते हैं।

**पूरा इकोसिस्टम होगा तैयार-** पार्टनरशिप की संरचना के बारे में एम्ब्रेयर ने कहा कि इस पर अभी बातचीत चल रही है। कंपनी ने कहा, हम एक बराबर की साझेदारी देख रहे हैं, लेकिन अभी पार्टनरशिप की शर्तों को अंतिम रूप देना बाकी है। प्लेन असेंबल करने के अलावा दोनों कंपनियां मिलकर रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एक पूरा इकोसिस्टम बनाना चाहती हैं।

### एम्ब्रेयर की भारत में मौजूदगी

उन्होंने कहा कि भारतीय एयरलाइनों ने 1,800 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है, जो मजबूत विकास की कहानी को दर्शाता है। एम्ब्रेयर भारत के विमानन क्षेत्र के लिए कोई नई कंपनी नहीं है। ब्राजील की यह कंपनी पहले से ही देश में 11 अलग-अलग तरह के लगभग 50 विमानों का संचालन करती है। ये विमान भारतीय वायु सेना, सरकारी एजेंसियों और क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर द्वारा उपयोग किए जाते हैं। इस प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी ने महिंद्रा ग्रुप के साथ मेक इन इंडिया पार्टनरशिप के तहत भारतीय वायु सेना के मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट प्रोग्राम के लिए अपने ष्ट-390 मिलेनियम सैन्य परिवहन विमान का भी प्रस्ताव दिया है।

# हाइब्रिड एटीएम से निकलेंगे 10, 20 और 50 के नोट, किल्लत दूर करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार छोटे मूल्य के करेंसी नोटों (जैसे 10, 20 और 50 रुपये) को अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के कई तरीके तलाश रही है। यह कदम उस लगातार बनी रहने वाली कमी को दूर करने के लिए है, जिसने नोटबंदी के लगभग एक दशक बाद भी रोजमर्रा के नकद लेन-देन को प्रभावित किया हुआ है।



**नए प्रस्तावों में क्या शामिल है-** लाइव मिंट ने सरकार के भीतर चर्चा से जुड़े दो अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी है। प्रस्तावों में एक नई तरह की मशीन शामिल है जो मांग पर 10, 20 और 50 रुपये के नोट जारी करेगी। एक हाइब्रिड एटीएम का भी प्रस्ताव है जो बड़े नोटों को छोटे नोटों और सिक्कों में बदल सकेगा। साथ ही, केंद्रीय बैंक पर छोटे मूल्य के नोट अधिक छापने का दबाव बनाने की योजना है।

**पायलट प्रोजेक्ट पर चल रहा है परीक्षण-** पहले अधिकारी ने बताया कि कम मूल्य के नोट जारी करने वाली मशीन का एक प्रोटोटाइप मुंबई में एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षण के दौर से गुजर रहा है। एक बार मंजूरी मिलने के बाद, इस प्रणाली को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की उम्मीद है। इन मशीनों को यातायात केंद्रों, बाजारों, अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों जैसे अधिक भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा।

**हाइब्रिड एटीएम कैसे काम करेगा-** दूसरे अधिकारी ने समझाया कि एक हाइब्रिड एटीएम पारंपरिक एटीएम और सिक्का वेंडिंग मशीन की कार्यक्षमता को जोड़ेगा। ये मशीनें उपयोगकर्ताओं को एक ही लेन-देन में बड़े नोटों को छोटे नोटों और सिक्कों में बदलने की सुविगा देंगी। आरबीआई ने पहले ही मुंबई की एक बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में हाइब्रिड एटीएम मॉडल का परीक्षण किया है।

### इन कोशिशों की क्या जरूरत है

यह पहल रोजमर्रा के भुगतानों के लिए छोटे नोटों की कमी को लेकर बढ़ते सार्वजनिक असंतोष के बीच आई है। इससे उन दुकानदारों के साथ होने वाली परेशानी कम हो सकती है, जिन्हें अक्सर 500 रुपये के नोट का बदला देने में दिक्कत होती है, जिससे लेन-देन में देरी या मजबूरी में कीमतों में गोल-मोल बात हो जाती है। यह कदम उन आबादी के बड़े वर्गों को फायदा पहुंचा सकता है जो अभी भी नकदी पर निर्भर हैं, खासकर शहरी अनौपचारिक क्षेत्रों और अर्ध-शहरी इलाकों में, जहां डिजिटल पमेंट की स्वीकार्यता असमान है।

# गणतंत्र दिवस पर जिले को मिली आधुनिक पुलिस कंट्रोल रूम की सौगात

□आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस
□चौबीसों घंटे रहेगा कार्यरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कोर्ट मोड़ स्थित पुलिस कंट्रोल रूम सह जिला नियंत्रण कक्ष का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। आधुनिक तकनीक से लैस होगा कंट्रोल रूम- उद्घाटन के बाद एसएसपी प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम भवन का पूरी तरह जीर्णोद्धार किया गया है और इसे अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। यह कंट्रोल रूम अब जिले की सुरक्षा व्यवस्था का मुख्य कमांड सेंटर बनेगा, जहाँ से सभी महत्वपूर्ण पुलिस गतिविधियों की निगरानी की जाएगी।

यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगा। यहीं से जिले की विधि-व्यवस्था की निगरानी के साथ-साथ सिटी हॉक्स बाइक पेट्रोलिंग पीसीआर पेट्रोलिंग डायल 112 आपातकालीन सेवा का संचालन किया जाएगा। कंट्रोल रूम में डीएसपी स्तर के पदाधिकारी (डीएसपी सीसीआर) की तैनाती की गई है जिनकी देखरेख में सभी कार्य व्यवस्थित रूप से संचालित होंगे। इसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि जिले के लगभग 350 प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर ऑडियो युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। इसके अतिरिक्त कई महत्वपूर्ण मार्गों और चौराहों पर कैमरे भी लगाए जाएंगे, जिससे वाहनों की पहचान और ट्रैकिंग में पुलिस को बड़ी सहायता मिलेगी। पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में एक



विशेष मॉनिटरिंग हॉल का निर्माण कराया गया है, जहाँ शीघ्र ही बड़ी एलसीडी स्क्रीन स्थापित की जाएंगी। इन स्क्रीन के माध्यम से जिले के विभिन्न हिस्सों में लगे कैमरों की लाइव फीड पर सतत निगरानी रखी जाएगी। इससे अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण में पुलिस की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ेगी। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि इस आधुनिक कंट्रोल रूम का मुख्य उद्देश्य है कि जिले में कहीं भी कोई घटना घटित होने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँचे और आम नागरिकों को सुरक्षा व सहायता का भरोसा मिल सके।

उद्घाटन समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार के साथ जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। यह पहल धनबाद जिले को तकनीकी रूप से सशक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# निकाय चुनाव की तिथि तय होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी

⇨आज से पूरे नगर निकाय क्षेत्र में धारा 144 प्रभावी, धरना, जुलूस पर प्रतिबंध
⇨ पूरे नगर निकाय चुनाव के लिए जिला स्तर से फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** नगरपालिका आम चुनाव 2026 को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जारी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार प्रपत्र-5 में निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 28 जनवरी 2026 बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि 29 जनवरी 2026 से 04 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 05 फरवरी 2026, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 06 फरवरी 2026 तथा निर्वाचन प्रतीक आवंटन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उपायुक्त ने आगे बताया कि यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 23 फरवरी 2026 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक कराया जाएगा, जबकि मतगणना 27 फरवरी 2026 को प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होगी।

प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने नाम निर्देशन दाखिल करने हेतु चिन्हित कार्यालयों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु अलग-अलग कार्यालय निर्धारित किए गए हैं। अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों के लिए अपर समाहर्ता का कार्यालय, समाहरणालय, गिरिडीह चिन्हित किया गया है।

अध्यक्ष बड़की सरैया नगर पंचायत के लिए अनुमंडल कार्यालय, बगोदर सरिया, अध्यक्ष धनवार नगर पंचायत के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता का कार्यालय, वार्ड पार्षद संख्या 01 से 09 गिरिडीह नगर निगम प्रखंड कार्यालय गिरिडीह, वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 10 से 18 गिरिडीह नगर निगम प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिरिडीह, वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 19 से 27 नगर निगम, प्रखंड कार्यालय गिरिडीह, वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 28 से 36 नगर निगम, प्रखंड कार्यालय गिरिडीह, वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 07 से 12 बड़की सरैया नगर पंचायत का प्रखंड कार्यालय, सरिया में संचालित होगा। इसके अलावा वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 01 से 06 धनवार नगर पंचायत के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय धनवार तथा वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 07 से 11 धनवार नगर पंचायत के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय धनवार में संचालित होगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न पदों के लिए निम्नलिखित निवार्ची एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है।

उपायुक्त ने बताया कि महापौर के लिए अनुसूचित जाति, अध्यक्ष बड़की सरैया नगर पंचायत के लिए अनारक्षित और अध्यक्ष धनवार नगर पंचायत के लिए अनारक्षित है। इसके अलावा गिरिडीह नगर निगम में कुल 36 वार्ड अंतर्गत 137 मतदान केंद्र, मतदाता की संख्या 1,50,932 जिसमें 75,266 पुरुष और 75,725 महिला बड़की सरैया नगर पंचायत में कुल 12 वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 15 तथा मतदाता की संख्या 14,436, धनवार नगर पंचायत में कुल वार्ड की संख्या 11, मतदान केंद्रों की संख्या 14 तथा मतदाता की संख्या 12,396 है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,77,824 तथा कुल मतदान केंद्रों की संख्या 166 और कुल वार्ड 59 है। उपायुक्त ने आमजनों एवं प्रत्याशियों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरश पालन करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर नाम निर्देशन दाखिल करने की अपील की।

प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं।

उन्होंने आम मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह निदेशक डीआरडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिले के 40 किसान राज्य के बाहर परिभ्रमण हेतु रवाना




**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग उद्यान प्रभाग के सौजन्य से विभिन्न प्रखंडो से चयनित 40 किसानों को उपायुक्त, रामनिवास यादव ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से बस द्वारा रवाना किया गया। जिले में उद्यानिकी के विकास एवं किसानों को उन्नत तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से मिद्ध मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से 80 किसानों का चयन किया गया है जिसमे 40 किसानों को आज रांची स्थित ग्रीनरी संस्था द्वारा परिभ्रमण हेतु सीबी नर्सरी विएनआर फार्म्स, रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाया गया। परिभ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से किसान उन्नत उद्यानिकी पद्धतियों, आधुनिक तकनीकों तथा सफल मॉडलों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे, जिससे जिले में उद्यान फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने छापेमारी कर छात्रों को किशोरियों के साथ दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** टाउन थाना क्षेत्र के बिहारी मोहल्ला स्थित एक फ्लैट से सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में तीन नाबालिग छात्राओं के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज जमुई के तीन छात्रों को पकड़ा है, जबकि एक अन्य छात्र मौके से फरार हो गया। मोहल्ले में अचानक पुलिस की एंट्री और एक फ्लैट से एक साथ तीन नाबालिग छात्रा और तीन पॉलिटेक्निक कॉलेज जमुई के छात्र के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। कुछ क्षणों के लिए मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों की काफी भीड़ देखने के लिए लग गई। उसके बाद पुलिस सभी को महिला थाना लेकर चली गई और छात्रों व छात्राओं के परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई। तीनों नाबालिग छात्रा लखीसराय जिले के एक गांव की रहने वाली हैं, जो सहेली हैं और एक साथ पढ़ाई करती हैं। जिसमें एक पंचायत के मुखिया की पुत्री बताई जाती है। इसके अलावा, तीनों युवक पॉलिटेक्निक कालेज जमुई के छात्र हैं, जो जमुई, नवादा और बढ़ इलाके के रहने वाला बताए गए हैं।

बताया जाता है कि फेसबुक के माध्यम से पहले एक नाबालिग छात्रा का संपर्क पॉलिटेक्निक कॉलेज जमुई में पढ़ रहे एक छात्रा से हुआ। धीरे-धीरे फेसबुक पर बातें करते-करते मोबाइल नंबर भी एक्सचेंज हो गए और बातें शुरू हो गई। इस दौरान दोनों के बीच प्रेम हो गया। छात्र कई बार लखीसराय इलाके में जाकर छात्रा से मिला करता था।इस दौरान छात्र जब लखीसराय मिलने के लिए जाता था तो अपने साथ दो अन्य दोस्तों को भी लेकर जाता था। उधर से छात्रा भी अपनी सहेलियों के साथ आती थी। इस दौरान तीनों पॉलिटेक्निक छात्रों की तीनों नाबालिग छात्राओं के साथ बातें होने लगी। जानकारी के मुताबिक, तीनों नाबालिक छात्रा पढ़ाई के बहाने मंगलवार की सुबह करीब 8:00 बजे घर से निकली थी और इधर से तीनों छात्र एक कार लेकर लखीसराय पहुंचे थे। उसके बाद तीनों छात्राएं कार पर बैठकर जमुई पहुंच गई। फिर छात्र तीनों छात्राओं को लेकर बिहारी स्थित किराए के फ्लैट में पहुंच गया, लेकिन एक साथ तीन नाबालिग छात्राओं पर फ्लैट में जाते हुए किसी मोहल्लेवासी की नजर पड़ गई।

उसके बाद देह व्यापार के संदेह के आधार पर इसकी सूचना पुलिस के वरीय पदाधिकारी को दे दी गई, फिर पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर दिन के 11 बजे तीन नाबालिग छात्रा के साथ तीनों छात्र को पकड़ा गया।

# बीपी ऑयल मिल्स के 100 से अधिक वर्षों के भरोसे के उत्सव में हाथी मार्का बना चर्चा का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** आज के समय में, जब कंज्यूमर उन ब्रांड्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो प्रामाणिकता और भरोसे पर खड़े हों, हाथी मार्का भारतीय रसोई में विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर उभरा है। बीपी ऑयल मिल्स द्वारा रांची शहर के चाणक्य होटल में आयोजित डीलर सम्मेलन में यह विरासत ?परंपरा एंड प्रोग्रेस? विषय के अंतर्गत मुख्य आकर्षण रही, जो कंपनी की कुकिंग ऑयल उद्योग में सौ वर्षों से अधिक की स्थायी उपस्थिति का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया। हाथी मार्का केवल एक कुकिंग ऑयल ब्रांड नहीं रहा यह पीढ़ियों से घर-घर में शुद्धता, ताकत और भरोसे का नाम बन गया है। पारंपरिक पारिवारिक भोजन से लेकर रोजमर्रा की रसोई तक, हाथी मार्का ब्रांड ने दशकों तक बिना किसी समझौते के गुणवत्ता प्रदान की है, जिससे यह बीपी ऑयल मिल्स की सबसे भरोसेमंद और पहचानने योग्स ब्रांड में से एक बन गया। इस सम्मेलन में हाथी मार्का और बीपी ऑयल मिल्स की विकास यात्रा में केंद्रीय भूमिका को उजागर किया गया, यह स्वीकार करते हुए कि ब्रांड ने बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ खुद को विकसित किया है, लेकिन अपने मूल वादे के प्रति हमेशा सच्चा रहा है। लंबे समय से जुड़े व्यापारिक साझेदारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाथी मार्का की मजबूत उपस्थिति और उपभोक्ता विश्वास को विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अपने संबोधन में, बीपी ऑयल मिल्स के नेतृत्व ने भविष्य के लिए स्पष्ट रूपरेखा साझा की जिसमें हाथी मार्का को विस्तार योजनाओं के केंद्र में रखा गया है। मुख्य कार्यक्षेत्रों में वितरण को मजबूत करना, बाजार में पहुंच बढ़ाना, ब्रांड की दृश्यता बढ़ाना और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच उपभोक्ता विश्वास को और मजबूत करना शामिल है। बीपी ऑयल मिल्स अपने विविध उत्पाद समूह के माध्यम से कई श्रेणियों में कार्य करता रहा है, लेकिन हाथी मार्का अभी भी इसके खाद्य तेल व्यवसाय की नींव है, जिसे एलिफेंट जैसे अन्य ब्रांडों द्वारा पूरा किया गया है। यह सभी ब्रांड गुणवत्ता-प्रधान विकास और लंबे समय तक मूल्य निर्माण के बीपी ऑयल मिल्स के संकल्प को दशार्ते हैं। आज, मजबूत वितरण नेटवर्क के माध्यम से, हाथी मार्का भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में घर-घर तक पहुंचता है, और बीपी ऑयल मिल्स की विरासत को दुनिया भर में ले जाता है। सम्मेलन में बोलते हुए, श्री भरत भगत, मैनेजिंग डायरेक्टर, ने हाथी मार्का विरासत ब्रांड को उद्देश्य, ईमानदारी और भविष?य को ध्यान में रखते हुए संजोने की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

# प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता सह निपुण टीएलएम मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता सह निपुण टीएलएम मेला 3.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा ने की।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, अंचल अधिकारी अनुज कुमार, प्रधानाध्यापक मोल झा, शिक्षक मनीष श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षिका सुचित्रा कुमारी ने किया।

इस अवसर पर शिक्षक मनीष श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीएलएम मेले में कुल 19 संकुल संसाधन केंद्रों के चयनित शिक्षकों द्वारा पाठ्यक्रम आधारित उत्कृष्ट शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) का प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू भाषा के साथ-साथ गणित, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य विषयों से संबंधित आकर्षक, नवाचारपूर्ण और उपयोगी टीएलएम प्रस्तुत किए।टीएलएम के माध्यम से बच्चों को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़ाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णायक मंडली द्वारा टीएलएम का अवलोकन एवं मूल्यांकन किए जाने के बाद चयनित शिक्षकों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये शिक्षक अब जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली टीएलएम प्रतियोगिता में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लेखपाल नीरज मिश्रा, शिक्षक जय किशोर ठाकुर, सनी कुमार, रफ्तार आलम, निरंजन सिंह, डाटा ऑपरेटर सुरेश कुमार एवं पूजा सिंह राजपूत सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को ले प्रशासनिक कवायद तेज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। उपायुक्त रामनिवास यादव ने परीक्षा के सफल संचालन व कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। माध्यमिक परीक्षा 2026 03.02.2026 से 17.02.2026 तक प्रथम पाली में एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 03.02.2026 से 23.02.2026 तक द्वितीय पाली 2:00पी.एम. 5:15 पी.एम. में होगी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दण्डाधिकारी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सभी प्रखंडों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# अनुष्ठान को ले शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी /कटिहार।** अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी के कार्यालय वेश्म मे माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर होनेवाले यज्ञ व इसमें बडी संख्या में गंगा स्नान को लेकर उमड़ने वाली धमार्नुरागियों की सैलाब के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह ने की।



इस बैठक में माघ पूर्णिमा मे यज्ञ सम्पादन करनेवाली यज्ञ समिति के पदधारक सदस्यों सहित गण मान्य लोगों ने यज्ञ व मेले के निर्विघ्न सम्पन्न कराने की दिशा मे अपने सुझाव दिये।

एसडीएम श्री सिंह ने कहा कि यज्ञ समिति व अन्य गण्यमान्य से प्राप्त सुझाव के मद्देनजर प्रशासन अपनी तैयारी को लेकर रणनीति अपनाएगी । ताकि गंगा स्नान को लेकर आनेवाले श्रद्धालूओं का सुरक्षित गंगा स्नान सुनिश्चित किया जा सके। जानकारी दी कि इसकी मुक्कमल तैयारी को लेकर अधिनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। खतरनाक घाटों को चिन्हित कर प्रतिबंधित किये जाने व वहां पर्याप्त चौकसी के निर्देश दिये गये हैं।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की संभावित भीड नियंत्रण को लेकर सुरक्षा की लिहाज से मुख्यालय से पर्याप्त संख्या में पुलिस बव सहित महिला पुलिस बल की मांग की गयी है। गंगा स्नान व मेले के दौरान समाज विरोधी व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। समाजिक सौहार्द मे खलल डालने व अफवाह फैलानेवाले बख्से नहीं जाएंगी।

इस मौके पर अनेक लोगों ने अपने अपने सुझाव बैठक मे दिये। बैठक मे बीडीओ सनत कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सोनू गुप्ता,सीओ, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान, जी राम जी मनरेगा पीओ अलेंदू कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद, जीआरपी थाना प्रभारी व अन्य शामिल रहे ।

## हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं रही प्रभावित

**पटना।** राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के कारण मंगलवार को देशभर में बैंकिंग कारोबार बुरी तरह प्रभावित रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारिता बैंकों की अधिकांश शाखाओं में ताले लटके रहे। बिहार में व्यावसायिक, ग्रामीण और सहकारी बैंकों की आठ हजार से अधिक शाखाओं पर आज हड़ताल है के बैनर लगाए गए।

कई स्थानों पर निजी बैंकों पर भी हड़ताल का आंशिक असर देखा गया। हड़ताल के चलते नगद लेन-देन, चेक क्लीयरेंस, ड्राफ्ट, आरटीजीएस और नेफ्ट जैसी सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं। इससे ग्राहक परेशान रहे। चौथा शनिवार, रविवार और गणतंत्र दिवस की छुट्टी के कारण एटीएम से लगातार निकासी होने से कई एटीएम ड्राई हो गए, जिससे ग्राहकों को निजी बैंकों के एटीएम का सहारा लेना पड़ा। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव डीएन त्रिवेदी ने बताया कि हड़ताल के कारण बिहार में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हुआ।

# नेवालाल चौक पर सूरज यादव की हत्या, अपराधियों के आगे बेबस दिखा प्रशासन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सुशासन के दावों से सजी सरकार के बीच बिहार में अपराध अब किसी चेतावनी की तरह नहीं, बल्कि रोजमर्रा की हकीकत बनता जा रहा है। हत्या, गोलीबारी और आपराधिक घटनाएं जिस तरह लगातार सामने आ रही हैं, उसने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला 27 जनवरी को पूर्णिया जिले के मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवालाल चौक का है, जहां दिनदहाड़े अपराधियों ने खुलेआम कानून को ठेंगा दिखाते हुए युवक सूरज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नेवालाल चौक पर अचानक गोलियों की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बदमाशों ने सूरज यादव को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई। घटना इतनी सुनियोजित और तेज थी कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हमलावर फरार हो चुके थे। व्यस्त चौक पर हुई इस हत्या से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मरंगा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 27 जनवरी को मरंगा थाना अंतर्गत एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना मिली थी, जिस पर त्वरित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की गई। मृतक सूरज का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया है तथा अभियुक्तों की पहचान स्थापित कर ली गई है। पुलिस के अनुसार स्पेशल टीम का गठन कर सभी अभियुक्तों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मृतक और अभियुक्तों के बीच किसी विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया, जिसकी जांच जारी है।हालांकि पुलिस के दावों के बीच स्थानीय लोगों का आक्रोश साफ झलक रहा है। लोगों का कहना है कि यदि अपराधियों की पहचान संभव है, तो फिर ऐसी घटनाएं रोकी क्यों नहीं जा पा रही हैं। दिनदहाड़े चौक पर हत्या यह साबित करती है कि अपराधियों के मन से कानून और पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं ने सुशासन की तस्वीर को धूमिल कर दिया है और आम नागरिक की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन सदमे में हैं और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। वहीं क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। लोग केवल आश्वासन नहीं, बल्कि दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नेवालाल चौक की यह वारदात एक बार फिर यह सोचने को मजबूर करती है कि यदि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हुआ, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**मेलबर्न, एजेंसी।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को अमेरिका की 18 वर्षीय इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

**भारी गर्मी में खेला गया मैच-** मेलबर्न में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान की चेतावनी के बावजूद मैच रॉड लेवर स्टेडियम में शुरू हुआ। शुरुआत में छत खुली रखी गई, लेकिन पुरुष क्वार्टरफाइनल में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया।



**सबालेंका का दबदबा-** सबालेंका ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर 29वीं वरीयता प्राप्त जोविक पर नियंत्रण जमा लिया। जोविक ने वापसी की कोशिश की और नौवें गेम में ब्रेकपॉइंट के तीन मौके बनाए, लेकिन सबालेंका ने अपने खेल का दबदबा कायम रखा। दूसरे सेट में सबालेंका ने दो ब्रेकपॉइंट लेकर 5-0 की बढ़त बनाई और अंतत: ऐस के दम पर मैच अपने नाम किया।

**मैच के बाद सबालेंका की प्रतिक्रिया-** सबालेंका ने कहा, 'पिछले कुछ राउंड में मुझे युवा खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती दी। वे अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। यह काफी मुश्किल मैच था। स्कोर मत देखिए, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। उसने शानदार खेल दिखाया और मुझे अपने खेल का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।'

## 4,60,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर में बिकी डॉन ब्रैडमैन की 'बैगी ग्रीन कैप'

**गोल्ड कोस्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप 4,60,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 2.92 करोड़ रुपये) में नीलाम हुई है। यह नीलामी सोमवार को गोल्ड कोस्ट में हुई। नीलामी में कैप को खरीदने वाले ने अपनी पहचान गुप्त रखने का फैसला किया है। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैप को एक म्यूजियम में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे क्रिकेट फैंस खेल की सबसे कीमती कलाकृतियों में से एक को देख सकेंगे। सर डॉन ब्रैडमैन ने इस कैप को 1947-48 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान पहना था। इस कैप को ब्रैडमैन ने भारतीय क्रिकेटर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को तोहफे में दिया था, जिससे इस दुर्लभ वस्तु में भावनात्मक और ऐतिहासिक मूल्य जुड़ गया।



सोहोनी के परिवार ने 7 दशकों से भी ज्यादा समय तक इस कैप को बहुत सावधानी से सहेजते हुए इसे तीन पीढ़ियों तक सुरक्षित रखा। कैप के अंदर 'डीजी ब्रैडमैन' और 'एसडब्ल्यू सोहोनी' नाम हाथ से लिखे हुए हैं, जो इसकी प्रामाणिकता और आकर्षण को और बढ़ाते हैं। यह कैप आज भी अच्छी स्थिति में है, जिसने इसकी कीमत को 2024 में 3,11,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर में बेची गई दूसरी ब्रैडमैन कैप से कहीं ज्यादा बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उस कैप में पहनने के निशान के साथ फीका रंग और कीड़ों से हुआ नुकसान साफतौर पर दिख रहा था। क्रिकेट में ब्रैडमैन की विरासत बेजोड़ है, जिन्होंने 52 टेस्ट खेले और 99.94 के शानदार करियर औसत के साथ समाप्त किया। इस दौरान ब्रैडमैन के बल्ले से 29 शतक आए। एशेज मुकाबलों में 19 शतक शामिल रहे। ब्रैडमैन ने अपने टेस्ट करियर में 12 दोहरे शतक लगाए। ब्रैडमैन को साल 1948 में द ओवल में अपनी आखिरी टेस्ट पारी में 100 से ऊपर के बल्लेबाजी औसत के साथ रिटायर होने के लिए सिर्फ 4 रन की दरकार थी, लेकिन वह 'शून्य' पर आउट हो गए, जिससे उनका करियर 99.94 की औसत के साथ खत्म हुआ।

: T20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच पर बासित अली का बड़ा सुझाव

# बहिष्कार नहीं, काली पट्टी बांधकर खेलें

**नई दिल्ली/कराची, एजेंसी।** अगले महीने होने वाले ञ्20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महा-मुकाबले को लेकर बहस तेज हो गई है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने मैच के बहिष्कार की उठ रही मांगों का विरोध करते हुए एक अलग राय दी है। उनका कहना है कि पाकिस्तान को मैदान पर उतरना चाहिए, लेकिन विरोध स्वरूप काली पट्टी पहनकर खेलना चाहिए। राजनीति और क्रिकेटः बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर दुख जताते हुए कहा कि क्रिकेट अब सिर्फ 'जेंटलमैन गेम' नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी तरह से 'राजनीतिक' हो चुका है। बहिष्कार पर सवालः उन्होंने कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान को बहिष्कार ही करना है, तो वे 15 फरवरी के बड़े मैच का इंतजार क्यों कर रहे हैं?



अंडर-19 का उदाहरणः बासित ने सुझाव दिया कि यदि विरोध की मंशा इतनी ही गहरी है, तो इसकी शुरुआत 1 फरवरी को होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप के भारत-पाकिस्तान मैच से ही क्यों नहीं की जाती?

भारतीय दोस्तों का मशविराः उन्होंने खुलासा किया कि उनके कुछ भारतीय दोस्तों ने भी उन्हें यही राय दी है कि सीनियर टीम के बजाय कदम अंडर-19 स्तर पर ही उठाया जाना चाहिए।

### 'बांग्लादेश' के फैसले पर भी उठाए सवाल

बासित अली ने क्रिकेट जगत में हाल के कुछ फैसलों की आलोचना करते हुए कहा कि बांग्लादेश को वर्ल्ड कप से बाहर करने के फैसले ने खेल को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उनके अनुसार, 'इन फैसलों के साइड इफेक्ट्स (दुष्प्रभाव) अब दिखाई दे रहे हैं और क्रिकेट के भविष्य पर इसके लंबे समय तक असर पड़ेंगे।

## टी20 विश्व कप से पहले इटली ने गजब कर दिया, पहली बार टेस्ट खेलने वाले देश को हराया

**दुबई, एजेंसी।** इटली की टीम पहली बार टी20 विश्व कप में खेलने के लिए तैयार है। उससे पहले टीम ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। टीम ने आयरलैंड को टी20 मुकाबले में हरा दिया है। आयरलैंड आईसीसी का फुल मेंबर है और टेस्ट क्रिकेट भी खेला है। इटली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार किसी टेस्ट प्लेइंग देश को हराया है। पहले खेलते हुए आयरलैंड ने दुबई में हुए मुकाबले में 154 रन बनाए। इटली ने आखिरी ओवर मैच लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि तीन मैचों की सीरीज को आयरलैंड ने 2-1 से अपने नाम कर लिया।



**तीन छक्कों के साथ मैच फिनिश-** इटली मैच को आखिरी ओवर में मैच जीतने के लिए 16 रन चाहिए थे। बैरी मैकर्टी के खिलाफ स्ट्राइक पर ग्रांट स्टीवर्ट थे। ओवर की पहली तीन गेंदों पर ही स्टीवर्ट ने तीन छक्के मारे और मैच खत्म कर दिया।

# मुंबई इंडियंस की स्टार ऑलराउंडर ने रचा इतिहास

डब्ल्यूपीएल में जड़ा पहला शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूपीएल 2026 में ऐतिहासिक लम्हा देखने को मिला, जब मुंबई इंडियंस की स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने विमेंस प्रीमियर लीग का पहला शतक जड़ दिया। यह कारनामा उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ किया और अपनी इस पारी से मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

**डब्ल्यूपीएल को मिला पहला शतकवीर-** वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए मैच 16 में, टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत संभली हुई रही। नैट साइवर-ब्रंट ने पारी को संभालते हुए पहले 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और फिर आक्रामक अंदाज़ अपनाते हुए 57 गेंदों में शतक जड़ दिया। इस पारी के साथ वह ड्ढश्चरु इतिहास में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई और टूर्नामेंट की रन लिस्ट में भी शीर्ष पर पहुंच गईं।

- **मुंबई इंडियंस का विशाल स्कोर-** साइवर-ब्रंट की शानदार पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ब्रेक के दौरान उन्होंने कहा कि वह 90ह्य के 'कर्स' से वाकिफ थीं और टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर फोकस कर रही थीं।
- **पहला ञ्20 शतक, खास जश्न-** यह शतक कई मायनों में खास रहा। नैट साइवर-ब्रंट का यह टी20 क्रिकेट में पहला शतक था, स्टैंड्स में मौजूद उनकी साथी और पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर कैथरीन साइवर-ब्रंट इस पल की गवाह बनीं।

यह टीम 568 रनों से जीती मैच

# गढ़ दिया इतिहास!

जीत के हीरो रहे ये खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार और मणिपुर के बीच रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला बिहार में पटना में स्थित मोइन-उल-हक स्टेडियम में खेल गया. इस खिताबी मुकाबले में बिहार ने 568 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की. रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में ये अब तक की सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है. मणिपुर के खिलाफ मिली रिकॉर्डतोड़ जीत के साथ ही बिहार की टीम अब प्लेट ग्रुप से निकलकर एक बार फिर से एलीट ग्रुप में प्रवेश कर चुकी है. अगले रणजी सीजन में बिहार एलीट ग्रुप में खेलती हुई नज़र आएगी. इस ऐतिहासिक जीत में बिहार की तरफ से कई खिलाड़ियों ने अहम रोल निभाया. इसमें कप्तान साकिबुल गनी, आयुष लोहारुका, बिपिन सौरभ, सूरज कश्यप, हिमांशु सिंह और पीयूष कुमार सिंह जीत के हीरो रहे.

### रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का कैसा रहा खिताबी मुकाबला

रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के खिताबी मुकाबले की पहली पारी में बिहार ने 522 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में मणिपुर की टीम 264 रन पर सिमट गई. दूसरी पारी में बिहार ने 119.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 505 रन बनाकर पारी घोषित की. इस पारी में पियूष कुमार सिंह ने दोहरा शतक जड़ते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया. पियूष ने नाबाद 216 रनों की बेहतरीन पारी खेली. दूसरी पारी खेलने उतरी मणिपुर की टीम महज 195 रन पर ही ऑल आउट हो गई. इस खिताबी मुकाबले में बिहार की टीम ने कुल 1,027 रन बनाए, जबकि मणिपुर 459 रन ही बना पाई. इस तरह बिहार की टीम ने 568 रनों से विशाल जीत दर्ज की.

### जीत के हीरो रहे ये खिलाड़ी

रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप 2025-26 में बिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया. खिलाड़ियों के बेहतरीन और लगातार योगदान की बदौलत टीम ने दमखम दिखाते हुए एक बार फिर एलीट ग्रुप में अपनी जगह पक्की कर ली. इस सीजन में बिहार के लिए कप्तान साकिबुल गनी समेत 5 और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनके नाम इस प्रकार हैं :-

आयुष लोहारूका बिहार की ओर से सबसे सफल बल्लेबाज रहे, जिन्होंने 6 मैचों में कुल 540 रन बनाए. इसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 226 रन रहा. बिपिन सौरव ने पूरे सीजन में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खूब जलवा दिखाया. वो इस सीजन 14 छक्कों के साथ प्लेट ग्रुप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे. बिहार के कप्तान साकिबुल गनी ने पूरे टूर्नामेंट में जिम्मेदारी भरी पारियां खेलते हुए कई बार टीम को संकट से बाहर निकाला. गनी के बल्ले से 6 मैचों में कुल 329 रन निकले, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल रहे. रणजी ट्रॉफी के डेब्यू सीजन पर सूरज कश्यप ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से गहरी छाप छोड़ी. बिहार के लिए तीन मैचों में उन्हें पांच पारियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने कुल 247 रन बनाए. इसके साथ ही उन्होंने 8 विकेट भी अपने नाम किए. पीयूष कुमार सिंह को इस सीजन में सिर्फ फाइनल मुकाबले में खेलने का मौका मिला. इस बड़े मैच में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी पारी में 216 रनों की बेहतरीन पारी खेली. हिमांशु सिंह ने बिहार की ओर से खेलते हुए इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम किए. उन्होंने 6 मुकाबलों में 15 विकेट चटकाए और इस दौरान उन्होंने कुल 848 डॉट बॉल डालीं, जो टीम में सर्वाधिक रहीं.

# लंबे इंतजार के बाद उम्मीद जागी!

12 साल बाद शूमाकर की जिंदगी में लौटी हलचल, घर में व्हीलचेयर से घूम पा रहे हैं

**बर्लिन, एजेंसी।** माइकल शूमाकर अब पूरी तरह बिस्तर पर सीमित नहीं हैं और व्हीलचेयर की मदद से अपने घर में घूम सकते हैं। 2013 की दुर्घटना के 12 साल बाद यह रिकवरी आशा जगाने वाली है। उनकी प्राइवेसी कोरिना शूमाकर संभाल रही हैं, जबकि विशेषज्ञ 24 घंटे मेडिकल सपोर्ट दे रहे हैं। संचार सीमित है, लेकिन जागरूकता में सुधार देखा गया है।

फॉर्मूला-1 के महानतम ड्राइवरों में शुमार माइकल शूमाकर की जिंदगी में 12 साल बाद एक ऐसा मोड़ आया है जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। सात बार के विश्व चैम्पियन शूमाकर अब पूरी तरह बिस्तर पर आश्रित नहीं हैं और रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अब व्हीलचेयर की सहायता से अपने घर में इधर-उधर जा सकते हैं। लंबे समय तक सिर्फ मेडिकल रूम तक सीमित रहने वाले शूमाकर की रिकवरी में यह बदलाव डॉक्टरों, परिवार और दुनिया भर के उनके प्रशंसकों के लिए बड़ी राहत है।



**गोपनीयता के बीच जारी थी जंग-** 2013 की स्कीइंग दुर्घटना के बाद शूमाकर की स्थिति हमेशा गोपनीय रखी गई। परिवार ने मीडिया से दूरी बनाए रखी ताकि उपचार और मानसिक शांति प्रभावित न हो। हाल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूमाकर अब सीधा बैठ सकते हैं और सीमित रूप से इशारों या आंखों की प्रतिक्रिया के जरिए आसपास की चीजों को समझ सकते हैं। ब्रिटिश टेबलॉयड द डेली मेल ने दावा किया कि शूमाकर की संज्ञानात्मक जागरूकता में कुछ सुधार देखने को मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, उनका संचार अत्यंत सीमित है, लेकिन वे अपने आसपास की दुनिया को आंशिक रूप से प्रोसेस कर पाते हैं।

**2013 की वह दोपहर जिसने सब बदल दिया-** 29 दिसंबर 2013 को फ्रेंच ऐल्प्स के मेरिबेल में स्कीइंग करते समय शूमाकर का सिर एक छिपे हुए पत्थर से टकराया, जिसके बाद उनका सिर एक बोल्डर से जा टकराया।

### पर्दे के पीछे की रिकवरी

रिकवरी प्रक्रिया सिर्फ मेडिकल नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक भी है। विशेषज्ञ रोज कॉगनिटिव स्टीमुलेशन, न्यूरोलॉजिकल थेरेपी और मसल कंडीशनिंग कराते हैं ताकि शरीर और मस्तिष्क सक्रिय रह सकें। हालांकि परिवार अब भी मीडिया एक्सपोजर से बचता है, ताकि अनावश्यक दबाव न बढ़े।

### कोरिना शूमाकर की भूमिका: एक दीवार की तरह

शूमाकर की रिकवरी की इस यात्रा में उनकी पत्नी कोरिना शूमाकर की भूमिका सबसे मजबूत आधार रही है। उन्होंने स्विट्जरलैंड और स्पेन स्थित घरों में वर्ल्ड-क्लास मेडिकल सेटअप तैयार करवाया है, जिसमें 24 घंटे डॉक्टर, विशेषज्ञ नर्सें, फिजियोथेरपिस्ट और न्यूरोलॉजी एक्सपर्ट मौजूद रहते हैं। कोरिना ने वर्षों से मीडिया से दूरी बनाए रखकर शूमाकर के डेटा और प्राइवेसी की कड़ी रक्षा की है। उनके करीबी एक सूत्र ने पहले कहा था, 'कोरिना एक दीवार की तरह खड़ी हैं, और हर संभव प्रयास कर रही हैं कि माइकल को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाए।'

मेंस एचआईएल

# जीसी को 4-3 से हराकर हैदराबाद तूफान ने जीता ब्रॉन्ज

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** हैदराबाद तूफान ने हाई-स्कोरिंग मैच में एचआईएल जीसी को 4-3 से मात देकर मेंस हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 में तीसरा स्थान हासिल किया। सोमवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में तूफान के लिए अमनदीप लाकड़ा ने 30वें और 53वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि नीलकांता शर्मा ने 24वें मिनट में गोल किया। इनके अलावा, जैकब एंडरसन ने 33वें मिनट में एक गोल दागा। वहीं, एचआईएल जीसी की तरफ से सैम वार्ड ने 14वें और 52वें मिनट में दो गोल किए, जबकि केन रसेल ने 55वें मिनट में गोल किया। हैदराबाद तूफान ने खेल की शुरुआत शानदार तरीके से की। इस टीम ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और शुरुआती पलों में हावी नजर आई।

पहले क्वार्टर में 8 सर्कल एंट्री के साथ, टीम के पास मैच का पहला गोल दागने का शानदार मौका था। जैकब एंडरसन को पहले क्वार्टर के अंत में अपनी टीम के लिए सबसे अच्छा मौका मिला। हालांकि,



ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस मौके को भुना नहीं सका। कुछ ही देर बाद, एचआईएल जीसी ने खेल के विपरीत जाकर गोल करके गतिरोध तोड़ा। मुकाबले के 14वें मिनट में डाराघ वॉल्श ने बाईं ओर से शानदार खेल दिखाते हुए सैम वार्ड को पास दिया, जिन्होंने जीसी को बढ़त दिलाई। इस झटके के बावजूद, तूफान दोनों टीमों में बेहतर दिख रही थी और बराबरी के गोल की तलाश में लगी रही। मुकाबले के 24वें मिनट तूफान के पास बराबरी का मौका आया। जैकरी वालेस का कटबैक नीलाकांता शर्मा के पास आया, जिन्होंने एक जोरदार टोमहॉक शॉट से जेम्स मजारेलो को छकाया। इसी लय को बनाए रखते हुए, मुकाबले के 30वें मिनट में अमनदीप लाकड़ा ने पेनाल्टी कॉर्नर से अपने ड्रैग फ्लिक को गोल में बदला, जिससे हाफ-टाइम से ठीक पहले हैदराबाद तूफान ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ की शुरुआत में ही हैदराबाद तूफान ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। 33वें मिनट में गेंद जैकब एंडरसन के पास आई, जिसे उन्होंने करीब से नेट में डाल दिया। मुकाबले के 52वें मिनट जीसी आखिरकार गेम में वापस आया। 52वें मिनट टैंगुई कोसिन ने सैम वार्ड को पास दिया, जिन्होंने बेहद कुशलता से इसे गोलकीपर के पास से टैप करके गोल कर दिया। 53वें मिनट अमनदीप लाकरा ने अपने ड्रैगफ्लिक को गोल में बदलकर तूफान को दो गोल की बढ़त दिलाई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में पुलिस पर किया था फायरिंग का प्रयास, 7 साल बाद कोर्ट से मिली राहत

#### हो गया बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका में साल 2018 की देर रात चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी पर गोली चलाने की कोशिश के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया। कोर्ट ने आरोपी को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। अब कोर्ट ने 7 साल बाद आरोपी को बरी कर दिया है। इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना जैन ने प्रवीण कुमार को आईपीसी की धारा 186, 353, 324, 307 के तहत लगाए गए आरोपों से मुक्त कर दिया। इसके साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा 27 और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 से भी बरी किया गया। अदालत ने अपने आदेश में अभियोजन की जांच में गंभीर कमियों की ओर इशारा किया।

#### क्या था पूरा मामला

मामला 31 अक्तूबर 2018 का है। पुलिस का आरोप था कि सेक्टर-21 अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान नशे में धुत आरोपी ने पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की, एक कांस्टेबल के अंगूठे को दांत से काट लिया और बाद में एएसआई पर लाइसेंसी पिस्टल तानकर ट्रिगर दबाया, हालांकि गोली नहीं चली।
कोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामलों में अभियोजन पर यह कानूनी जिम्मेदारी होती है कि वह अपराध के हर पहलू को संदेह से परे साबित करे। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों की गवाही केवल इस आधार पर खारिज नहीं की जा सकती कि वे पुलिस से हैं, लेकिन उनकी गवाही भरोसेमंद होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि किसी भी पुलिस गवाह ने यह दिखाने के लिए कोई डिपार्चर एंट्री पेश नहीं की कि घटना वाली रात वे आधिकारिक रूप से पिकेट पर तैनात थे। इसके अलावा मौके पर भीड़ जुटने के दावे के बावजूद किसी स्वतंत्र गवाह को जांच में शामिल नहीं किया गया। कांस्टेबल को लगे काटने के घाव को लेकर अदालत ने कहा कि न तो सलाइवा टेस्ट कराया गया और न ही कोई ऐसा मेडिकल परीक्षण हुआ जिससे यह साबित हो सके कि चोट आरोपी ने ही पहुंचाई थी या वह स्वयं लगी थी।

### वेतन का भुगतान कोई विवेकाधीन विषय नहीं, नियोक्ता का मूलभूत दायित्व है

#### दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और 163 साल पुरानी हरदयाल म्युनिसिपल हेरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी को कर्मचारियों के वर्षों से लंबित वेतन के भुगतान के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि कर्मचारियों को नियमित और तय समय पर मासिक वेतन देने के निर्देश का सख्ती से पालन किया जाए।
जस्टिस संजीव नरूला की अध्यक्षता वाली बेंच ने 25 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया है। ये याचिकाएं लाइब्रेरी में कार्यरत लाइब्रेरियन समेत 100 कर्मचारियों ने दायर की थीं। याचिकाकर्ताओं ने शिकायत की थी कि पिछले कई वर्षों से उन्हें वेतन का भुगतान अनियमित रूप से या बिल्कुल नहीं किया जा रहा है।
इस कारण उन्हें बार-बार कोर्ट की शरण लेनी पड़ रही है। बेंच ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि कर्मचारियों को लंबे समय तक नियमित वेतन से वंचित रखा गया, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। बेंच ने दोहराया कि वेतन का भुगतान कोई विवेकाधीन विषय नहीं है, बल्कि यह नियोक्ता का मूलभूत दायित्व है। बेंच ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा का पालन न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान, 30 की मौत

**लाखों घरों में बिजली गुल** | **10 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स रद**



**वाशिंगटन, एजेंसी।** । अमेरिका में बर्फीले तूफान की एंट्री से हर तरफ अंधेरा छा गया है। 8 लाख से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। लाखों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गई है। वहीं, खराब मौसम के कारण 10000 से ज्यादा फ्लाइट्स रद कर दी गई हैं। बर्फीले तूफान के कारण अमेरिका में 30 लोगों की मौत हो गई है।

बर्फीले तूफान ने अमेरिका के पूर्वी हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। ज्यादातर हिस्सों में भारी बर्फबारी और तेज बारिश देखने को मिल रही है। तापमान लुढ़कने के कारण ठंड अचानक से बढ़ गई है।

नेशनल वेदर सर्विस ने रविवार को चेतावनी जारी की थी। इसके अनुसार, लोगों को अभी इस बर्फीले तूफान से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। घरों से बाहर निकलना जानलेवा हो सकता है। इसलिए लोगों से घरों में रहने की गुजारिश की गई थी। पावर आउटेज के अनुसार, 850000 लोग बिना बिजली के अंधेरे में रह रह हैं। टेनेसी, मिसिसिपी, टेक्सास और लुइसियाना जैसे शहरों में इसका तगड़ा असर देखने को मिल रहा है। केंटकी, जॉर्जिया, वर्जीनिया और अलबामा जैसे राज्य भी बिजली गुल होने का सामना कर रहे हैं।

#### तूफान से लाखों लोग प्रभावित


ओहियो वैली में भारी से बहुत भारी बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक एलिसन सैंटोरेली के अनुसार, ये एक तरह का अनोखा तूफान है, क्योंकि इसने बहुत बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। न्यू मैक्सिको से लेकर टेक्सास और न्यू इंग्लैंड तक 2,000 मील के क्षेत्र में फैले इस तूफान से लगभग 213 मिलियन लोग प्रभावित हुए हैं।

## इंग्लैंड से लेकर आयरलैंड में अलर्ट

#### तेज हवा, भारी बारिश और बर्फबारी के साथ च में दस्तक देगा तूफान चंद्रा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में आज मंगलवार को चंद्रा तूफान दस्तक देने जा रहा है। मेट ऑफिस ने चेतावनी दी है कि मंगलवार को पूरे यूनाइटेड किंगडम में तेज हवाएं चलेंगी। भारी बारिश के साथ बर्फबारी होने का भी अनुमान है।

तूफान चंद्रा से बहुत तेज़ हवाओं के चलने से इमारतों को नुकसान हो सकता है। छतों से टाइलें और मलबे के उड़ने से जानलेवा चोटें लग सकती हैं। ये तूफान मौसम को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर सकता है।




**इंग्लैंड से लेकर आयरलैंड तक अलर्ट-** ब्रिटेन में इस तूफान को लेकर कई मौसम संबंधी चेतावनी जारी की गई हैं, जिसमें दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के लिए बारिश और उत्तरी आयरलैंड के पूर्वी तट पर तेज हवाओं के चलने की चेतावनी दी गई है। सबसे तेज हवाएं दक्षिण पश्चिम और वेल्स में चलेंगी। पेम्ब्रोकशायर और आइल्स ऑफ सिली में 80द्बश्चद्ध की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। उत्तरी आयरलैंड में 75द्बश्चद्ध की रफ्तार से हवाओं के चलने की आशंका है।

#### बाढ़ का भी अलर्ट

यूनाइटेड किंगडम में इस सप्ताह बाढ़ भी एक बड़े खतरे के तौर पर सामने आने वाली है। पर्यावरण एजेंसी ने इंग्लैंड के लिए 97 बाढ़ अलर्ट और 19 चेतावनी जारी की हैं। यूनाइटेड किंगडम की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने कमजोर लोगों के जीवन के लिए इस बड़े जोखिम के बीच सोमवार की शाम 6 बजे से शुक्रवार तक उत्तरी इंग्लैंड के लिए ठंड स्वास्थ्य अलर्ट सक्रिय कर दिया है।

**ट्रंप ने की आपदा की घोषणा-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भी इसपर चिंता जताई है। ट्रंप ने इस तूफान को ऐतिहासिक करार देते हुए इसे संघीय आपातकालीन आपदा घोषित करने की मंजूरी दे दी है। अमेरिका के लगभग 20 राज्यों समेत कोलंबिया के कुछ शहरों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हम इस तूफान के रास्ते में आने वाले सभी राज्यों पर नजर रखेंगे और उनसे संपर्क में रहेंगे। सभी लोगों से अपील है कि वो सुरक्षित रहें और ठंड से सावधान रहें।


## हमारे देश को नुकसान पहुंचाना ही एकमात्र एजेंडा

#### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने फिर पाकिस्तान को सुनाया

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी है। भारतीय राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से पाकिस्तान को घेरा है। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ फैलाने से लेकर जम्मू कश्मीर, आतंकवाद समेत 27वें संशोधन पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान की पोल खोलते हुए कहा, हमारे देश (भारत) और हमारे लोगों को नुकसान पहुंचाना पाकिस्तान का एकमात्र एजेंडा है। पाकिस्तान पहले ही ऑपरेशन सिंदूर पर झूठे दावे कर चुका है।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ का पर्दाफाश

हरीश ने कहा, 9 मई 2025 तक पाकिस्तान लगातार भारत पर हमले करने की धमकी दे रहा था, लेकिन 10 मई को अचानक पाक सेना ने भारतीय सेना से संपर्क किया और सीजफायर करने की गुजारिश की। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह कर दिए थे। टूटे हुए रनवे और जले हैंगर्स की तस्वीरें भी सार्वजनिक की गईं थीं।




● **हरीश ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा-** पाकिस्तान के प्रतिनिधि सबकुछ सामान्य होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बार फिर दोहराना चाहता हूं कि जब तक उनके देश में आतंकवाद है, तब तक कुछ भी सामान्य नहीं हो सकता है।

**जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग- हरीश-** पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का सदन पाकिस्तान के लिए आतंकवाद को वैधता देने का मंच नहीं बन सकता है। भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है।

## अमेरिका के बिना अपनी सुरक्षा नहीं कर सकता यूरोप

#### नाटो चीफ की दो टूक



**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जा करने मंसूबों के कारण अमेरिका और यूरोप के सदियों पुराने रिश्ते में खटास आने लगी है। कई यूरोपिय देशों ने ट्रंप के प्लान को सिरे से खारिज कर दिया है। इसी बीच नाटो (द्ब३न्न्ह्र) के प्रमुख मार्क रूट्टे ने बड़ा बयान दिया है। मार्क रूट्टे का कहना है कि अमेरिकी सेना की सहायता के बिना यूरोप अपनी रक्षा नहीं कर सकता है। इसके लिए पूरे यूरोप को अपना रक्षा बजट दोगुना करना होगा।

#### नाटो प्रमुख ने क्या कहा?

मार्क रूट्टे के अनुसार, अगर यहां किसी को लगता है कि यूरोपियन यूनियन या पूरा यूरोप मिलकर बिना अमेरिका की मदद के खुद की सुरक्षा कर सकता है, तो आप सपनों की दुनिया में हैं। आप ये नहीं कर सकते हैं। यूरोप और अमेरिका, दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है। जुलाई 2025 में हेग में नाटो का सम्मेलन हुआ था, जिसमें सभी देशों ने अपनी जीडीपी का 3.5 प्रतिशत हिस्सा रक्षा पर खर्च करने का संकल्प लिया था। वहीं, 2035 तक इसे बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

#### ग्रीनलैंड पर ट्रंप की धमकी

बता दें कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की ट्रंप की धमकी के बाद से ही नाटो में तनाव की स्थिति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड प्लान का समर्थन न करने वाले यूरोपिय देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है।


ग्रीनलैंड नाटो देश डेनमार्क का हिस्सा है। अमेरिका भी नाटो का अहम सदस्य है। नाटो में कुल 32 देश शामिल हैं। नाटो के अनुच्छेद 5 के तहत किसी भी देश पर हमला सभी नाटो देशों पर हमला करने के बराबर है।

### ट्रंप नहीं चाहते कि सड़कों पर किसी की जान जाए

#### मिनेसोटा गोलीबारी पर व्हाइट हाउस की सफाई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मिनेसोटा के मिनियापोलिस में संघीय एजेंटो द्वारा दो लोगों की हत्या के बाद बढ़ते तनाव पर अमेरिका की व्हाइट हाउस की ओर से बयान जारी किया गया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने शनिवार की घटना को त्रासदी बताते हुए स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अमेरिकी सड़कों पर हिंसा या जनहानि के पक्ष में नहीं हैं। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप नहीं चाहते थे कि अमेरिकी सड़कों पर किसी को चोट पहुंचे, लेकिन मिनियापोलिस में अप्रवासी विरोधी एजेंटों द्वारा दो लोगों की हत्या के बाद उन्होंने तुरंत फिर से डेमोक्रेट्स को दोषी ठहराया।

#### हम शोक व्यक्त करते हैं



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने पत्रकारों से कहा राष्ट्रपति ट्रंप समेत व्हाइट हाउस में कोई भी नहीं चाहता कि अमेरिका की सड़कों पर लोग घायल हों या मारे जाएं। हम माता-पिता के लिए शोक व्यक्त करते हैं। स्वयं एक मां होने के नाते, मैं निश्चित रूप से जीवन की हानि की कल्पना नहीं कर सकती। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने तुरंत प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी को उस अशांति के लिए दोषी ठहराया, जो ट्रंप द्वारा मिनियापोलिस में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन के माध्यम से कार्रवाई बढ़ाने के आदेश के बाद से फैली हुई है, जिसमें स्थानीय लोगों की इच्छा के विरुद्ध नकाबपोश और सशस्त्र एजेंटों को बलपूर्वक तैनात किया गया है।

#### डीडीए दिल्ली के बांसेरा पार्क में करेगा ग्रीन एक्सपो का आयोजन

## 2 दिन के ईवेंट में क्या-क्या होगा खास




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को हरित, टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर का पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 आयोजित करने जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का एक्सपो 14 और 15 फरवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित बांसेरा पार्क में आयोजित किया जाएगा। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य सतत शहरी विकास, शहरी हरियाली और प्रकृति-आधारित समाधानों को बढ़ावा देना है। यह एक्सपो उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के नेतृत्व में यमुना बाढ़ के मैदानों के कायाकल्प के सफल प्रयोगों से प्रेरित है।

उन्होंने असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे सार्वजनिक हरित स्थलों के विकास ने न केवल यमुना के बाढ़ क्षेत्र को पुनर्जीवित किया है, बल्कि दिल्लीवासियों को नदी के करीब लाने का भी कार्य किया है। इन्हीं प्रयासों की निरंतरता में डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 को एक ऐसे मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो शहरी नियोजन और विकास में पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु-प्रथम दृष्टिकोण को केंद्र में रखता है।

एक्सपो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपराज्यपाल एवं डीडीए अध्यक्ष श्री सक्सेना ने कहा कि आज शहरों को पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर स्थिरता, लचीलापन और नागरिकों की भलाई को विकास के केंद्र में रखना होगा। उन्होंने कहा कि राजधानी में ऐसे शहरी विकास की आवश्यकता है, जिसमें जलवायु को प्राथमिकता देने वाली सोच, हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग, स्थानीय लैंडस्केपिंग, जल और अपशिष्ट प्रबंधन योजनाओं तथा प्रकृति-आधारित समाधानों को हर परियोजना का हिस्सा बनाया जाए।

सक्सेना के अनुसार, डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक अनुकूल शहरों के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति देगा।

#### क्या होगा खास?

डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप एक बेंचमार्क-स्थापित राष्ट्रीय मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय विचारकों, नीति निर्माताओं, शहरी नियोजन विशेषज्ञों, शोध संस्थानों, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और छात्रों की भागीदारी होगी। एक्सपो के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार और जलवायु-अनुकूल भारतीय शहरों की रूपरेखा पर व्यापक मंथन किया जाएगा। दो दिवसीय एक्सपो में प्रदर्शनी, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और विशेषज्ञों के सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें सतत शहरी पारिस्थितिकी तंत्र, हरित बुनियादी ढांचे, जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने वाले स्केलेबल और अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही पैनल चर्चाओं, ज्ञान-साझाकरण सत्रों और नेटवर्किंग के अवसरों के जरिए सरकारी संस्थानों, शोध संगठनों और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान रणनीतिक साझेदारियों और समझौता ज्ञापनों को औपचारिक रूप देने की भी योजना है।

## परिवार की मदद से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती

#### 12 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को जमानत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 साल की बच्ची के साथ रेप के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि किसी बच्चे के खिलाफ अपराध की गंभीरता परिवार को दी जाने वाली वित्तीय सहायता से कम नहीं होती है। आरोपी ने अपनी याचिका




में कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है क्योंकि उसका कथित तौर पर लड़की की मां के साथ सहमति से संबंध था। उसने आगे कहा कि वह परिवार का आर्थिक रूप से भरण-पोषण कर रहा था, जिससे लड़की नाखुश थी। आरोपी ने दावा किया कि लड़की की मां उससे जेल में मिलने भी आई थी। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि लड़की ने पुलिस और मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए गए अपने बयानों में लगातार अभियोजन पक्ष का समर्थन किया है, जिससे उसके बयान की विश्वसनीयता बढ़ जाती है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने 14 जनवरी को कहा कि किसी नाबालिग के खिलाफ अपराध की गंभीरता का आकलन किसी तीसरे पक्ष के आचरण के आधार पर नहीं किया जा सकता। खासकर तब जब नाबालिग ने खुद आगे आकर दुर्व्यवहार का खुलासा किया हो। पीठ ने कहा कि यह अपराध एक नाबालिग के खिलाफ है और इसकी गंभीरता का आकलन किसी तीसरे पक्ष के आचरण के आधार पर नहीं किया जा सकता। जहां नाबालिग ने खुद आगे आकर लगातार दुर्व्यवहार का खुलासा किया है, वहां जमानत याचिका पर विचार करते समय कोर्ट का यह कर्तव्य है कि वह उसके बयान को उचित महत्व दे।
कोर्ट ने कहा कि मां के कथित आचरण को भले ही सही मान लिया जाए, नाबालिग के बयान पर संदेह करने का एकमात्र आधार नहीं बनाया जा सकता। आवेदक की ओर से यह दलील दी गई है कि पीड़िता की मां ने आरोपी से जेल में मुलाकात की थी या कथित तौर पर उससे पैसे लिए थे। लेकिन, अदालत का मानना है कि इस स्तर पर यह दलील अपराध की गंभीरता को कम नहीं करती है।

# सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री ने किया झंडोत्तोलन

## बोकारो पुलिस लाइन में मैदान में हुआ 77 वे. गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में सोमवार को सूबे के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद ने 77 वें. गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन किया और तीरंगे को सलामी दी। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद ने 77 वे. गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामानाएं जिलेवासियों, राज्य एवं देशवासियों को दी। कहा कि, आज ही के दिन सन 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था एवं भारत ने एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित किया। उक्त अवसर पर हम उन सभी देश एवं झारखंड के वीर सपूतों को नमन करते हैं, जिनके अथक प्रयास से भारत आज एक सशक्त गणतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व में जाना जा रहा है एवं विकास के पथ पर अग्रसर हैं। आज जहां हमारा देश विकास की उचाँईयों को छू रहा है वहीं झारखण्ड प्रदेश प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए देश के मानचित्र पर भी सुशोभित हो रहा है। सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं ने जहाँ राज्य एवं जिले की तस्वीर बदली है, वहीं आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। माननीय मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में राज्य सरकार की उपलब्धियां विकास की नई उचाईयों को छू रहा है एवं झारखंड विकास का नया आयाम स्थापित कर रहा है। सर्वप्रथम मैं जिले के तमाम पदाधिकारियों/कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिनके अथक प्रयास से गोमिया प्रखंड अंतर्गत लुगुबुरू घंटाबारी धारोमगढ़ में भव्य राजकीय महोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया, जिसमें देश-विदेश से लाखो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हमारी सरकार ने विगत वर्षों से ग्रामीण जनता के हित में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लेकर नगर निकाय आदि में सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए 'आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया है और मुझे यह बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि इस जिला में उक्त कार्यक्रम के तहत कुल 46,357 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 40419 आवेदनों का त्वरित निष्पादन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है, जिसका सीधा लाभ आमजनों तक पहुंचा है। जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिला में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय में जनता की समस्याओं का समाधान हेतु 'हम आपको सुनते है' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वैसे व्यक्ति जो जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे है, उनके लिए भी जिला प्रशासन द्वारा 'जनसेतु ऐप' पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसमें ग्रामीणजन घर बैठे अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करा सकते है। इसी दिशा में जिला प्रशासन द्वारा 'हमारा गांव-हमारे लोग' कार्यक्रम के रूप में एक और पहल की गई है, जिसके तहत जिला के सभी वरीय पदाधिकारी प्रत्येक शनिवार को विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर ग्रामीण जनता की समस्या का निराकरण हेतु कार्य कर रहे है। यह कदम जिला प्रशासन का आम जनता के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। इसके लिए मैं जिला प्रशासन को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इसके साथ ही बोकारो जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति, समाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, कल्याण, परिवहन, पशुपालन एवं समाज कल्याण इत्यादि विभागों के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। इसी क्रम में समाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 33347 लाभुकों, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजनान्तर्गत 10191 लाभुकों, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत 740 लाभुकों कुल 44,278 पेंशनधारियों को आच्छादित किया गया है। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 151453 लाभुकों, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजनान्तर्गत 29559 लाभुकों एवं मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजनान्तर्गत 150 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राज्य एचआइबी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजनान्तर्गत 30 लाभुकों, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 19305 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान किया गया है। जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक अध्ययनरत कुल 25452 लाभुकों को योजना का लाभ हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही सरकार द्वारा महिला स्वावलंबन की दिशा में कार्य करते हुए वैसी महिलायें जो मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से शोषित है, की सहायता हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर योजना संचालित की गई है, जिसके तहत बोकारो जिला में भी एक सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, मानसिक एवं सामाजिक सहायता और अस्थाई आश्रय जैसी एकीकृत सेवायें प्रदान की जाती है। हमारी सरकार की यह प्राथमिकता है कि झारखंड की बच्चियां शिक्षित एवं स्वस्थ रहें। इसी क्रम में कार्य करते हुए सरकार ने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि झारखंड के सभी प्रखंडों को बाल-विवाह मुक्त प्रखंड बनाने की दिशा में कार्य किया जाए एवं इसका सुखद परिणाम भी सामने आने लगा है। बोकारो जिला का गोमिया प्रखंड झारखंड राज्य का पहला बाल-विवाह मुक्त प्रखंड का दर्जा प्राप्त किया है। जिला में शिक्षा विभाग द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6 में 585 अभिवंचित छात्राओं का नामांकन किया गया है। वर्तमान सत्र 2025-26 में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12 तक के कुल 1,70,201 छात्र/ छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराया गया है एवं कक्षा 1 से 8 तक के कुल 1,52,090 छात्र/छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग दिया गया है। कम्प्यूटर शिक्षा का प्रसार हेतु 242 मध्य एवं उच्च विद्यालयों में आइसीटी योजना के तहत कम्प्यूटर शिक्षा एवं 231 विद्यालयों में आइसीटी योजना के तहत स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। साथ ही जिला के 30 उच्च विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के बच्चों हेतु व्यवसायिक पाठ्यक्रम की व्यवस्था की गई है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय में दो-दो ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योज के तहत निर्धारित कुल लक्ष्य 36.58 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 35.25 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है, जो कुल लक्ष्य का 96 प्रतिशत है एवं माननीय मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत में 56 एकड़ क्षेत्र में मनरेगा पार्क का निर्माण किया गया है, जिसमें 6272 पौधे लगाये गये है। जिससे इस वर्ष लगभग 550 क्विंटल आम का उत्पादन हुआ है, जो वहां के ग्रामीण लाभुकों के आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बना है। खेल के क्षेत्र में राज्य में नये प्रतिभाओं के विकास के लिए सरकार बहुत ही गंभीरता से प्रयासरत है एवं इसका सुखद परिणाम भी देखने को मिल रहा है। आज हमारे झारखंड के युवा देश-विदेश में अपनी प्रतिभा के बल पर बदलते झारखंड का एक नया पहचान स्थापित कर रहे है। इसी क्रम में बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी प्रखंड के गोल्डी मिश्रा द्वारा तीरंदाजी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर एवं गोमिया प्रखंड के रेशमा कुमारी द्वारा हांगकांग में कांस्य पदक प्राप्त कर देश एवं झारखंड को गौरवान्वित किया है। जिला में खेल को प्रोत्साहन देने की दिशा में कार्य करते हुए 2025 में 'दिशोम गुरू शिबू सोरेन ट्राफी वीमेंस नेशनल तायक्वांडो चैम्पियनशिप' एवं झारखंड राज्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी सफलतापूर्वक किया गया है एवं यह लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक वर्ष जिला में दो राष्ट्रीय एवं दो राज्य स्तीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा। कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 39 लाभुकों को 2 करोड़ 22 लाख 72 हजार रुपए का स्वारोजगार हेतु ऋण की स्वीकृति दी गई एवं वनाधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत 11 सामुदायिक पट्टा के तहत 2092 एकड़ भूमि की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग अंतर्गत 67,395 छात्र/छात्राओं को कुल 13 करोड़ 10 लाख 43 हजार 500 रू. का छात्रवृति प्रदान किया गया है तथा अनु जनजातियों के लिए 4 करोड़ 29 लाख की लागत से कुल 23 मांझी हाउस का निर्माण भी कराया गया है।



### आंदोलनकारी/खिलाड़ियों/बहादुर बच्चों को किया गया सम्मानित

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल पर माननीय मंत्री, उपायुक्त आदि ने बेहतर कार्य करन वाले सेविका - सहायिका, खिलाड़ियों, चिकित्सक, आशा दीदी, बहादुर बच्चों आदि को प्रशस्ति पत्र झ शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व, झारखंड आंदोलन में अपनी महत्ती भूमिका अदा करने वाले 05 झारखंड आंदोलनकारियों को सांकेतिक रूप से प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो स्टील सिटी क्रिकेट स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बी.एस.सिटी क्रिकेट स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं बीएसएल प्रबंधन के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस खेल आयोजन का उद्देश्य आपसी सौहार्द, समन्वय एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन की टीम की कप्तानी पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने की, जबकि बीएसएल प्रबंधन की ओर से टीम का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच खेल भावना, अनुशासन एवं आपसी सहयोग देखने को मिला। दर्शकों ने भी रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि आपसी संबंधों को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम भी है। कार्यक्रम के अंत में दोनों टीमों के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही गई।

### 699 शावकों का टीकाकरण किया गया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में पशु कल्याण की दिशा में एक अहम पहल की गई है, जिसके तहत आज अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के आदेशानुसार एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमावली-2023 के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्डों में कुल 699 शावकों का टीकाकरण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पशुओं में शावकों का बंध्याकरण (बंधीकरण), किटनाशक दवा तथा आवश्यक पशु को टीकाकरण सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गईं। यह अभियान संबंधित पदाधिकारी सहायक नगर आयुक्त अस्मिता किरण एवं डॉ. एम. फातिमा (वेटनरी ऑफिसर) के दिशा-निर्देश में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चास नगर निगम से संबद्ध एनजीओ द केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी के सहयोग से सभी शावकों को सुरक्षित एवं वैज्ञानिक पद्धति से टीकाकरण एवं उपचार प्रदान किया गया। नगर निगम की इस पहल से न केवल पशुओं के स्वास्थ्य एवं संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि शहरी क्षेत्र में मानव-पशु समन्वय को भी मजबूती मिलेगी। चास नगर निगम भविष्य में भी इसी प्रकार पशु कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चन्दनकियारी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगीत नाटक अकादमी एलडीवाई केंद्र, चन्दनकियारी में 77वां गणतंत्र दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एलडीवाई के साधकों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी। झंडोत्तोलन केंद्र के संयोजक डॉ संजय ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत एलडीवाई के साधक परीक्षित महतो जी उपस्थित थे। साथ में चन्दनकियारी के एलडीवाई साधक राखो बाउरी, उस्ताद रामचंद्र महतो की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर एलडीवाई नृत्य का भी आयोजन हुआ। एलडीवाई के कलाकारों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम में भाग लेकर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को उल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम को सफल करने में विजय कुमार, आशुतोष कुमार, गोपाल पाल सहित अन्य का सहयोग रहा।

### आम आदमी पार्टी के कार्यालय में फहराया तिरंगा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला का झंडोत्तोलन कार्यक्रम स्थानीय सेक्टर चार सिटी सेंटर कार्यालय के समक्ष आयोजित किया गया। जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के बाद देशभक्ति के नारे लगापे गये। वक्ताओं ने आजादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों और महापुरुषों के संघर्ष को याद किया। साथ ही वर्तमान केंद्र सरकार के लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ाने की नीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए आम लोगों को संघर्ष करने की अपील की गयी। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, प्रदेश समन्वय समिति सदस्य मंजुला देवी, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, जिला प्रभारी अरविंद विकाश, जिला प्रवक्ता मिथिलेश गिरि, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, मजदूर प्रकोष्ठ प्रभारी गयासुद्दीन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बोकारो उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने किया झंडोत्तोलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 77 वें. गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय कार्यालय - समाहरणालय परिसर एवं रेड क्रास भवन में झंडोत्तोलन किया और तीरंगे को सलामी दी। मौके पर सभी वरीय अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने झंडोत्तोलन किया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने आवासीय परिसर में झंडोत्तोलन किया। अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने अपने कार्यालय परिसर में, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने अपने गोपनीय कार्यालय परिसर - अनुमंडल कार्यालय चास - बाजार समिति चास, एनडीसी प्रभाष दत्ता ने बोकारो परिसदन परिसर एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने सूचना भवन कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। वहीं, बेरमो चिल्ड्रेन पार्क में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मकेश मछुआ ने झंडोत्तोलन किया। इसी तरह सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में बीडीओ/सीओ ने झंडोत्तोलन किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी बोकारो के प्रांगण में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में मनाया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं झंडोत्तोलन के साथ हुआ । विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव ने झंडा फहराया । उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ। दो मंत्र हैं ' यतो धर्मस्ततो जयः' एवं ' सत्यमेव जयते'। इसका शाब्दिक अर्थ है जहां धर्म है वही विजय होती है और दूसरा हमेशा सत्य की विजय होती है। सत्य के मार्ग पर चलते हुए हमारा देश विश्व गुरु बने इसके लिए हम सतत प्रयत्न करें यही हमारा धर्म है । हम संविधान को साक्षी मानकर अपने अधिकारों की बात तो करते ही हैं। परंतु भारत का नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य भी है उसे भी हमें अपनाना चाहिए। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हम अपने बालकों को शिक्षा दें।हमारे बच्चे भारत केंद्रित विचार को साथ लेकर आगे बढ़ें ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सके। बालकों द्वारा प्रस्तुत घोष प्रदर्शन,पिरामिड निर्माण, जलियांवाला बाग नाटक के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कराया । धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष निरंजन सिंह ने किया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह , अभिभावक प्रतिनिधि विनोद प्रजापति, समिति सदस्य अरुण केसरी सहित विद्यालय के भैया - बहन, आचार्य बंधु - भगिनी एवं अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ किया गया।

## मांगों के समर्थन में कामकाज ठप कर बैंक कर्मियों ने केंद्र सरकार को दी चेतावनी




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) जिसमें बैंकों में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों के सभी यूनियनों यथा एआईबीईए, एआईबीओसी, एनसीबीई, आईएनबीईएफ, आईएनबीओसी, संगठन शामिल है, के द्वारा घोषित अखिल भारतीय एक दिवसीय हड़ताल में आज बोकारो जिले के सभी बैंकों में पूर्णता ताला लटका रहा। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अपनी पूरी उपस्थिति के साथ अपने-अपने शाखाओं एवं कार्यालय के बाहर उपस्थित होकर अपने पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने के अपनी आवाज को बुलंद किया। इस हड़ताल में बोकारो में अवस्थित तीन बैंकों के प्रशासनिक कार्यालय यथा बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक के समक्ष अपनी मांगों को के समर्थन में भारी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर अपनी आवाज को प्रबंधन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस जमावड़ा में महिला कर्मियों की भी भारी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित जनों के बीच यूएफबीयू के बोकारो जिला संयोजक सिद्धेश नारायण दास ने अपने संबोधन में भारत सरकार को आगाह किया कि शीघ्रताशीघ्र बैंकों में पांच दिवसीय कार्य दिवस लागू किया जाए जिससे कि एक ओर बहाली नहीं होने से कर्मियों की भारी कमी के कारण तनावपूर्ण स्थिति में कार्य करने को विवश कर्मियों को कुछ राहत मिल सके एवं दूसरी ओर ग्राहक सेवा में गुणात्मक सुधार हो सके। साथ ही इस विषय पर पूर्व में भी यूएफबीयू द्वारा हड़ताल की घोषणा की जाती रही है किंतु मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) के समक्ष डीएफएस के प्रतिनिधि की मौजूदगी में बैंक प्रबंधन की प्रतिनिधि संस्था आईबीए द्वारा लिखित समझौता किया गया। जिसमें पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने के लिए यूएफबीयू के प्रतिनिधि के द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग को लागू होने पर 40 मिनट प्रतिदिन कार्य अवधि भी बढ़ने पर सहमति प्रदान की गई। बावजूद इसके दो वर्ष बीत जाने के बाद भी लिखित आश्वासन के आलोक में कोई अग्रतर कार्यवाही नहीं की गई। पुनः यूएफबीयू द्वारा जनवरी 2026 में आज के दिन 27 जनवरी को हड़ताल का नोटिस दिया गया था, जिसके आलोक में पुनः मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) के समक्ष 23 जनवरी, 2026 को डीएफएस प्रतिनिधि की उपस्थिति में उभयपक्ष में वार्ता हुई किंतु इस संबंध में आईबीए किसी ठोस नतीजे पर नहीं आई। परिणामस्वरुप विवस होकर हमें एक दिवसीय हड़ताल करना पड़ा है।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 24 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डीपीएलआर, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। उपायुक्त के निदेर्शानुसार जनता दरबार का आयोजन आज सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी किया गया, जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। स्थानीय स्तर पर निष्पादित किए जा सकने वाले मामलों का समाधान मौके पर किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सूचिता किरण भगत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर सेवा, संवेदना और स्नेह का संदेश

### उपायुक्त ने वृद्धों एवं दिव्यांग बच्चों के साथ साझा की खुशियां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने मानवता और करुणा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सेक्टर 05 स्थित दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के मानव सेवा आश्रम तथा चास नगर निगम के सोलागडीह स्थित बाबा बैद्यनाथ वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों एवं दिव्यांग बच्चों के बीच समय बिताया। इस अवसर पर उपायुक्त ने आश्रम में रह रहे बच्चों और वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया, उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उनके बीच मिठाई वितरित कर गणतंत्र दिवस की खुशियाँ साझा की। उपायुक्त का स्नेहपूर्ण व्यवहार पाकर आश्रमवासियों के चेहरे पर मुस्कान और आँखों में अपनापन साफ झलक रहा था। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने भी आश्रमवासियों से संवाद कर समाज के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग का संदेश दिया। यह पहल न केवल गणतंत्र दिवस की गरिमा को सार्थक करती है, बल्कि सामाजिक दायित्व और मानवीय मूल्यों को भी सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती है।





## बीएसएल में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट द्वारा स्थानीय मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शुभम रंजन, उप महानिरीक्षक नीति मित्तल सहित अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक डॉ बी बी करुणामय, संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारी, बीएसएल द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति योजना के तहत अध्यनरत बिरहोर बच्चे, अन्य गणमान्य अतिथि तथा नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने स्टेडियम में राष्ट्र ध्वज फहराया तथा परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली. इस दौरान उनके साथ उप महानिरीक्षक नीति मित्तल भी उपस्थित रहीं. परेड में सीआइएसएफ एवं बीएसएल सुरक्षा विभाग के जवान, सीआइएसएफ के अग्निशमन सेवाएं की टुकडी. तथा एनसीसी कैडेट्स शामिल थे. अपने संबोधन में प्रिय रंजन ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सामूहिक प्रयास द्वारा एक बेहतर एवं उज्जवल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया. उन्होंने पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान बीएसएल की विशिष्ट उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, साथ ही भावी योजनाओं का उल्लेख किया.निदेशक प्रभारी ने सीआइएसएफ, बीएसएल के सुरक्षा विभाग के 55 कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र देकर तथा बीएसएल के 22 कर्मियों को निदेशक प्रभारी फॉर बेस्ट शिफ्ट इंचार्ज, 03 कर्मियों को अम्बेडकर अवार्ड तथा 27 कर्मियों को बेस्ट सजेशन अवार्ड से सम्मानित किया. डीएवी इस्पात विद्यालय-8बी, कैराली स्कूल सेक्टर-04 , जीजीपीएस चास, चिन्मय विद्यालय तथा सीआइएसएफ के द्वारा संचालित संरक्षिका के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में सीआइएसएफ के जवानों का फायर फाइटिंग ड्रिल एवं डॉग शो की आकर्षक प्रस्तुति पेश की गयी. मुख्य समारोह के पश्चात निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन द्वारा बीजीएच में आधुनिक मॉडूलर ऑपरेशन थिएटर, ऑपरेशन टेबल रिजिड ब्रोन्कोस्कोप, पी आर पी मशीन (एनेस्थेसिया), जेल तकनीक मशीन (ब्लड बैंक), मरीज सूचना केंद्र तथा सुरभि रिटेल शॉप का उद्घाटन किया गया. गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती शुभम रंजन ने स्वावलम्बन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा बीजीएच में मरीजों के बीच फल वितरण भी किया. इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्य भी मौजूद थीं. गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा विभाग में तथा बोकारो स्टील आफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भी एसोसिएशन कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com